राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 79
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 17 फरवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में सेक्टर-61 से ग्रेटरनोएडा वेस्ट तक जाएगी मेट्रो
पेज 4 पत्नी-बेटे की रिटायर फौजी ने गोली मारकर हत्या की
पेज 6 अभिषेक के बल्ले से नहीं निकल रहे रन, इस साल चौथी बार शून्य

## संक्षिप्त खबरें

### अबू सलेम की रिहाई याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 1993 मुंबई सीरियल ब्लास्ट के दोषी अबू सलेम को कोई राहत नहीं दी। कोर्ट ने रिहाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि आपने समाज के लिए कोई नेक काम नहीं किया है। आपको TADA (टेररिस्ट एंड डिसरप्टिव एक्टिविटीज प्रिवेंशन एक्ट) के तहत दोषी ठहराया गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने अबू सलेम को हाईकोर्ट का रुख करने की सलाह दी। कोर्ट ने कहा- बॉम्बे हाईकोर्ट ने केवल अंतरिम राहत देने से इनकार किया है। ऐसे में सलेम को हाईकोर्ट में ही अंतिम बहस करनी चाहिए।

### बंगाल एसआईआर से जुड़े सात अफसरों पर गिरी गाज

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही चुनाव आयोग ने सोमवार को सख्त रुख दिखाते हुए मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण में शामिल राज्य के सात जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इन सभी पर एसआईआर के दौरान अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन न करने और गंभीर गड़बड़ियों मे शामिल होने जैसे आरोप है। आयोग ने पहले राज्य के मुख्य सचिव को इनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा था, लेकिन जब राज्य सरकार ने इसे लेकर ढुलमुल रवैया दिखाया तो आयोग ने अपने कानूनी अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए यह सख्त कदम उठाया है।



### हैप्पी मॉर्निंग


पुलिस वाला- तुम्हारे सभी कागजात ठीक हैं, लेकिन
चालान बनता है 2000 रुपये का...
पप्पू- पर चालान
किस चीज का...? पुलिस वाला-
तुमने सारे कागजात संभाल कर
पॉलिथीन में रखे हुए हैं और
पॉलिथीन
बैन है...!!!



### शायरी

यक़ीन हो तो कोई रास्ता निकलता है
हवा की ओट भी ले कर चराग़ जलता है

### अर्थसार



संसेक्स:
83,277.15
+650.39 (0.79%)
निफ्टी:
25,682.75
+211.65

### मौसम



अधिकतम : 28 डिग्री से0
न्यूनतम : 15 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 7 : 15
सूर्यास्त मंगलवार : 6 : 16

# राजस्थान में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 8 लोग जिंदा जले

**4 गंभीर झुलसे, पॉलीथीन में ले जाने पड़े शव; मैनेजर हिरासत में, फैक्ट्री सील**

एजेंसी





**भिवाड़ी।** राजस्थान के भिवाड़ी की केमिकल फैक्ट्री में अचानक तेज धमाका हुआ। इसमें 8 मजदूर जिंदा जल गए, जबकि 4 गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें दिल्ली एम्स रेफर किया गया है।

शव बुरी तरह जल गए थे। कई शवों के कंकाल भर बचे थे। बॉडी पार्ट्स के टुकड़े बिखरे मिले। रेस्क्यू टीम ने इन टुकड़ों को पॉलीथीन में इकट्ठा किया।

हादसा खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे हुआ। फैक्ट्री मैनेजर अभिनंदन को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। फैक्ट्री को सील कर दिया है।

एसपी मनीष कुमार ने बताया- मरने वालों के परिजनों की ओर से फैक्ट्री मालिक और जो फैक्ट्री चला रहा था, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

हादसे में बिहार के मोतीहारी के सुजंत, मिंटू, अजीत, रवि और चंपारण जिले के रहने वाले श्याम और अमरेश की मौत हो गई।

वहीं शिव शशिभूषण कहां का रहने वाला है, इसका पता नहीं चला।

डीएनए जांच और मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

इस फैक्ट्री में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। मौके से बारूद, पटाखे और पैकिंग के डिब्बे मिले हैं। घटना के समय करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे।

### फैक्ट्री हादसे में मरने वालों के परिजनों को 3-3 लाख रुपए मुआवजा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिकी क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के आश्रितों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने कहा- शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार मृतकों के परिजनों के साथ खड़ी है।

सरकार उन्हें पूरी मदद देने और घायलों के हरसंभव उपचार के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मृतकों के आश्रितों को 3-3 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। उन्होंने निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता तत्काल सुनिश्चित की जाए।

### एसपी बोले- दो लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई

एसपी मनीष कुमार ने बताया- मरने वालों के परिजनों की ओर से फैक्ट्री मालिक और जो फैक्ट्री चला रहा था, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। हादसे में बिहार के मोतीहारी के सुजंत, मिंटू, अजीत, रवि और चंपारण जिले के रहने वाले श्याम और अमरेश की मौत हो गई। वहीं शिव शशिभूषण कहां का रहने वाला है, इसका पता नहीं चला। एक मजदूर की मौत अस्पताल ले जाते समय हुई। डीएनए जांच और मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

### अग्नि करतब



उत्तराखंड के देहरादून में महाशिवरात्रि उत्सव के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने अग्नि करतब दिखाए।

### भुवनेश्वर में छत पर धमाका, सीसीटीवी में घटना कैद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के आजाद नगर में 27 जनवरी को एक घर की छत पर जोरदार धमाका हुआ। इसका सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, मां-बेटा सहित 4 लोग किसी से बदला लेने के लिए छत पर बम बना रहे थे। इसी दौरान ब्लास्ट हो गया। इससे चारों लोग बुरी तरह झुलस गए। इनमें दो की मौत हो गई है। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इसमें दिखा की छत पर 4 पानी की टंकियां लाइन से रखी हैं। टंकियों के पीछे अचानक से धमाके के साथ धुएं का गुबार उठा। फिर झुलसे लोग एक-एक कर भागते नजर आए। घायल हुए लोगों की पहचान शहनवाज मलिक (26), उसकी मां लिलातुन बीबी, मंगेतर तृप्तिमयी महल (23) और दोस्त अमीया मल्लिक (27) के रूप में हुई।

# खुलासा : भारतीय लड़की भी यौन अपराधी एपस्टीन का शिकार हुई

**नई फाइल्स में खुलासा; अमेरिकी अधिकारी मुआवजा देने के लिए तलाश रहे थे**

वॉशिंगटन डीसी/नई दिल्ली। यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी नई फाइलों में खुलासा हुआ है कि एक भारतीय लड़की भी उसका शिकार हुई थी। दस्तावेजों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने उसे पीड़ित मुआवजा फंड से भुगतान दिलाने के लिए भारत में तलाश शुरू की थी।

13 जनवरी 2020 की एक ईमेल में अमेरिकी अधिकारियों के बीच हुई बातचीत सामने आई है। इसमें भारत में मौजूद पीड़िता का पता और जानकारी जुटाने को कहा गया है, ताकी भारत स्थित अमेरिकी दूतावास के जरिए उससे संपर्क किया जा सके। यह ईमेल एपस्टीन की अगस्त 2019 में जेल में हुई मौत के बाद की है।



रिलीज दस्तावेजों में इस मेल का टाइटल 'एपस्टीन विक्टिम्स' है, हालांकि अधिकारियों के नाम और कुछ जानकारियां छुपाई गई हैं।

### फाइल्स में पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्ष वर्धन का भी जिक्र

नई फाइल्स में 5 जून 2014 को बिल गेट्स और एपस्टीन के बीच बातचीत की एक ईमेल शामिल है। इसमें एपस्टीन बिल गेट्स से पूछता है कि क्या डॉ. हर्ष वर्धन से 17 सितंबर को भारत में उनकी मीटिंग हैं। उस समय हर्ष वर्धन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री थे। 8 जुलाई 2010 की एक ईमेल में एक महिला ने एपस्टीन को अपने फ्लाइट अनुभव के बारे में लिखा। उसने बताया कि उसके पास बैठे एक बुजुर्ग भारतीय व्यक्ति ने शराब पी रखी थी और वह बार-बार उससे बात कर रहा था और छू रहा था।

मेल में लिखा है कि वह व्यक्ति सोने के बाद जागा और उसने महिला को गले लगाते हुए कहा कि वह उससे प्यार करता है।

# पीएम मोदी ने एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन किया



**जियो इंटेलिजेंस जैसे एआई मॉडल्स को जाना, 300 से ज्यादा कंपनियों ने पेश किए इनोवेशंस**

**नई दिल्ली।** भारत में 16 फरवरी से दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने इवेंट में शामिल हुए स्टार्टअप्स के पवेलियंस में जाकर उनके इनोवेशंस की जानकारी ली।

ये इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। समिट के साथ-साथ इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगे।

यहां आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है और भविष्य में एआइ से खेती, सेहत और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्या बदलाव लाने वाला है।

# फरीदाबाद की केमिकल फैक्ट्री में ब्लास्ट, 5 पुलिसकर्मियों समेत 42 झुलसे

**सड़क तक पहुंची आग, कई गाड़ियां जलीं; 50 मीटर ऊंचाई तक उठीं लपटें**

**बल्लभगढ़, फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में केमिकल फैक्ट्री में सोमवार की शाम को मशीन में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। वहां रखे कई केमिकल ड्रम में भी ब्लास्ट हुआ। इस ब्लास्ट के बाद आग का गुबार करीब 50 मीटर तक उठता दिखाई दिया।

इस आग में कई लोग झुलस गए, साथ ही फैक्ट्री के बाहर खड़ी गाड़ियां भी जल गईं। देर शाम तक फरीदाबाद के सिविल अस्पताल और निजी अस्पताल में 5 पुलिसकर्मी समेत 42 लोगों के झुलसी हालत में पहुंचने की जानकारी सामने आई है।



पुलिस के मुताबिक, कंपनी में मेटल शीट कटिंग का काम होता है। शाम के समय जब कर्मचारी मशीन पर काम कर रहे थे, तभी मशीन में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई और वहां रखे एक केमिकल ड्रम में अचानक धमाका हो गया।

इसके बाद एक के बाद एक कई ड्रम फटते चले गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। इस दौरान आसपास के इलाके को खाली करा लिया गया था।

### जम्मू-कश्मीर में 14 टूरिस्ट स्पॉट फिर से खोले गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का ऐलान किया। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा कि पूरी सिक्योरिटी रिव्यू और चर्चा के बाद मैंने कश्मीर और जम्मू डिवीजन में और टूरिस्ट स्पॉट फिर से खोलने का ऑर्डर दिया है। कश्मीर डिवीजन में 11 टूरिस्ट स्पॉट – यूसमर्ग, बडगाम में दूधपथरी, कोकरनाग में दांडीपोरा पार्क, पीर की गली, शोपियां में दुबजान और पड़पावन, श्रीनगर में अस्तनपोरा, ट्यूलिप गार्डन, थजवास ग्लेशियर, गंदेरबल में हंग पार्क और बारामूला में वुलर/वतलाब को फिर से खोला जाएगा। वहीं जम्मू डिवीजन में 3 टूरिस्ट स्पॉट- रियासी में देवी पिंडी, रामबन में माहू मंगत और किश्तवाड़ में मुगल मैदान आम पब्लिक के लिए ओपन होंगे।

# एआई के बढ़ते इस्तेमाल के बीच देश में साइबर अटैक की बाढ़

**हर हफ्ते हो रहे 3100 से ज्यादा हमले**

**नई दिल्ली।** भारत में एआइ के चलते नए सुरक्षा बदलाव के बीच डिजिटल खतरे में बढ़ोतरी हुई है। देश के संगठनों को अब औसतन 3,195 साइबर हमलों का सामना करना पड़ रहा है।

चेक प्वाइंट साफ्टवेयर की 2026 साइबर सुरक्षा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में भारत में साप्ताहिक औसत साइबर हमले 3,195 थे, जो 2024 की तुलना में दो प्रतिशत अधिक है।



चेक प्वाइंट साफ्टवेयर के रिसर्च के उपाध्यक्ष लोतेम फिंकेलस्टीन ने बताया कि हमले के पैटर्न में यह बदलाव मुख्य रूप से साइबर अपराधियों के टूलकिट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एकीकरण द्वारा प्रेरित है।

रिपोर्ट के अनुसार एआइ साइबर हमलों की मैकेनिक्स को बदल रहा है, केवल उनकी मात्रा को नहीं बल्कि हमलावर पूरी तरह से मैनुअल संचालन से बढ़ते हुए स्वचालन के उच्च स्तरों की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें स्वायत्त तकनीकों के शुरुआती संकेत उभर रहे हैं।

शिक्षा क्षेत्र भारत में सबसे अधिक लक्षित उद्योग के रूप में उभरा है, जो प्रति संगठन 7,684 साप्ताहिक हमलों का सामना कर रहा है। सरकारी क्षेत्र में 4,912 साप्ताहिक हमले और व्यावसायिक सेवाओं में 3,747 हमले हो रहे हैं। रैंसमवेयर भी एक प्रमुख खतरा बना हुआ है जो छोटे विशेषज्ञ समूहों से अधिक विखंडित हो रहा है।

# इजराइली टूरिस्ट से गैंगरेप-मर्डर केस में 3 आरोपियों को फांसी की सजा

**कोप्पल।** कर्नाटक के कोप्पल जिले में पिछले साल इजराइली महिला से गैंगरेप और एक युवक की हत्या के मामले में कोर्ट ने तीनों दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। गंगावती सिविल कोर्ट ने सोमवार को सजा का ऐलान किया। इससे पहले 7 फरवरी को कोर्ट ने तीनों को दोषी ठहराया था।

दोषियों में मल्लेश उर्फ हांडी मल्ला, शरणबसवा और चैतन्य साई शामिल हैं। घटना 6 मार्च 2025 की रात करीब 10:30 बजे सनापुर के पास तुंगभद्रा नहर किनारे हुई। एक होम-स्टे मालिक पर्यटकों को तारों को दिखाने के लिए वहां ले गई थी। इसी दौरान तीनों आरोपी मोटरसाइकिल से पहुंचे और पैसों के विवाद को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया।



आरोपियों ने महिलाओं से रेप की नीयत से वहां मौजूद तीन पुरुषों को नहर में धक्का दे दिया। बाहर न निकल सकें, इसलिए उन पर पत्थर भी फेंके गए। इस दौरान बिभास कुमार की डूबने से मौत हो गई।

इसके बाद तीनों ने होम-स्टे महिला मालिक और इजराइली महिला से गैंगरेप किया। वारदात के बाद वे मोबाइल फोन, नकदी और कैमरा लेकर फरार हो गए। कोर्ट ने मामले को जघन्य मानते हुए तीनों को फांसी की सजा सुनाई।

**जेईई मेन रिजल्ट**

**इस परीक्षा का आयोजन देश के 326 शहरों के 658 परीक्षा केंद्रों पर 21 से 28 जनवरी के बीच हुआ था**

# जेईई मेन में 12 छात्रों के हासिल किया 100 फीसदी अंक

**नई दिल्ली।** आइआइटी सहित इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश से जुड़ी संयुक्त प्रवेश परीक्षा-मुख्य (जेईई मेन)-2026 के पहले सत्र में दिल्ली के श्रेयस मिश्रा सहित 12 छात्रों ने शत-प्रतिशत स्कोर हासिल किया है।

इनमें तीन छात्र अकेले राजस्थान के है, जबकि दो आंध्र प्रदेश से और एक-एक दिल्ली, बिहार, ओडिशा, गुजरात ,हरियाणा, महाराष्ट्र और तेलंगाना से हैं।

इनमें सभी पुरुष है। वहीं शत-प्रतिशत स्कोर हासिल करने वाले छात्रों में उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य से एक भी छात्र जगह नहीं बना पाया है।

### दिल्ली के श्रेयस मिश्रा सहित 12 छात्रों ने 100 प्रतिशत स्कोर किया

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी( एनटीए) ने जेईई मेन के पहले सत्र का परिणाम सोमवार को घोषित करने के साथ परीक्षा में शत- प्रतिशत स्कोर हासिल करने वाले छात्रों की सूची भी जारी की है। इस परीक्षा के लिए वैसे तो 13.55 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराए थे, लेकिन परीक्षा में इनमें 13.04 लाख छात्र ही शामिल हुए थे।

इस परीक्षा का आयोजन देश के 326 शहरों के 658 परीक्षा केंद्रों पर 21 से 28 जनवरी के बीच हुआ था। वहीं



इस परीक्षा का आयोजन देश के बाहर भी 15 विदेशी शहरों में हुआ था। इनमें दोहा, दुबई, काठमांडू, मस्कट, रियाद, शारजहां, सिंगापुर, कुवैत सिटी, लागोस, क्वालालमपुर, अबूधामी आदि शामिल है।

गौरतलब है कि जेईई मेन के परिणाम का स्कोर मिले हुए मार्क्स के परसेंटेज जैसा नहीं होता, बल्कि नॉर्मलाइजेशन स्कोर होता है। जिसे परसेंटाइल कहा जाता है।

### 13 भाषाओं में आयोजित की गई थी परीक्षा

एनटीए ने मुताबिक परीक्षा का आयोजन 13 भाषाओं में किया गया था। इनमें अंग्रेजी, असमी, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलगु व उर्दू शामिल है।

### परीक्षा पर नजर रखने के लिए बना था सेंट्रल कंट्रोल रूम

परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी पर नजर रखने के लिए एनटीए ने इस बार पुख्ता इंतजाम किए थे।

इसके लिए एक सेंट्रल कंट्रोल रूम बनाया गया था। जहां से देश व विदेश के सभी परीक्षा केंद्रों पर सीधे नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही परीक्षा का जिम्मेदारी राज्यों के जिला स्तर के शीर्ष अधिकारियों को दी गई है।

परीक्षा से जुड़ी प्रक्रिया को फुलप्रूफ बनाने के लिए एनटीए ने पहली बार ओटीपी बेस्ड आधार का ई-केवायसी शुरू किया था। इसका मकसद परीक्षा में शामिल होने वाले फर्जी या नकली आवेदकों को रोकना शामिल है।

# संपादकीय

## भारतीय न्यायपालिका में जवाबदेही : 10 वर्षों में बढ़ती शिकायतें



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

हालिया आंकड़ों और रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में उच्च न्यायपालिका के जजों के खिलाफ 8,600 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं। यह संख्या न केवल न्याय वितरण प्रणाली की चुनौतियों को दर्शाती है, बल्कि उस तंत्र की भी समीक्षा करने पर मजबूर करती है जिसके तहत जजों के आचरण की निगरानी की जाती है।

### शिकायतों का बढ़ता ग्राफ और प्रकृति

**न्यायपालिका को लोकतंत्र का अंतिम स्तंभ माना जाता है। जब इस स्तंभ पर उंगली उठती है, तो पूरे तंत्र का विश्वास डगमगाता है। पिछले दशक में शिकायतों की संख्या में आई तेजी के पीछे कई कारण हो सकते हैं :**

**प्रक्रियात्मक देरी :** मामलों के निपटारे में होने वाली अत्यधिक देरी अक्सर पक्षकारों की निराशा का कारण बनती है।

**आचरण संबंधी मुद्दे :** जजों के व्यवहार या उनके द्वारा दिए गए फैसलों में कथित पक्षपात की शिकायतें भी सामने आती रही हैं।

**जागरूकता में वृद्धि :** सूचना के अधिकार और सोशल मीडिया के दौर में, अब लोग अपने अधिकारों और न्यायिक प्रक्रिया के प्रति अधिक मुखर हुए हैं।

### शिकायतों की जांच का वर्तमान तंत्र

वर्तमान में, उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय के जजों के खिलाफ शिकायतों के निपटारे के लिए एक आंतरिक तंत्र (In-house Procedure) काम करता है।

**मुख्य न्यायाधीश की भूमिका :** शिकायत किसी उच्च न्यायालय के जज के खिलाफ है, तो भारत के मुख्य न्यायाधीश उस पर संज्ञान लेते हैं।

**जांच समिति :** यदि आरोप गंभीर लगते हैं, तो एक जांच समिति गठित की जाती है जिसमें अन्य वरिष्ठ जज शामिल होते हैं।

**सीमाएं :** वर्तमान प्रणाली की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यह जजों द्वारा जजों की जांच पर आधारित है। आलोचकों का मानना है कि इसमें पारदर्शिता की कमी है और यह बाहरी प्रभाव से मुक्त नहीं है।

### न्यायिक जवाबदेही बनाम स्वतंत्रता

जजों के खिलाफ शिकायतों पर कार्रवाई करना एक दोधारी तलवार की तरह है। एक तरफ जवाबदेही (Accountability) सुनिश्चित करना आवश्यक है, तो दूसरी तरफ न्यायिक स्वतंत्रता (Judicial Independence) को बचाए रखना भी अनिवार्य है। यदि जजों को हर छोटे फैसले पर जांच का डर रहेगा, तो वे निडर होकर न्याय नहीं कर पाएंगे।

हालांकि, 8,600 से अधिक शिकायतों का होना यह दर्शाता है कि कहीं न कहीं एक खालीपन है जिसे भरने की जरूरत है। इनमें से कई शिकायतें तुच्छ (frivolous) भी हो सकती हैं, जो हारने वाले पक्ष द्वारा केवल दबाव बनाने के लिए की जाती हैं। लेकिन, गंभीर शिकायतों पर कार्रवाई न होना न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है।

### सुधार की आवश्यकता

इतनी बड़ी संख्या में शिकायतों का लंबित होना या उन पर स्पष्ट कार्रवाई का अभाव 'न्यायिक मानक और जवाबदेही विधेयक' (Judicial Standards and Accountability Bill) जैसे कानूनों की आवश्यकता को पुनर्जीवित करता है।

**पारदर्शी डेटा :** सरकार और न्यायपालिका को यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन 8,600 शिकायतों में से कितनों पर प्राथमिक जांच हुई और कितनों को खारिज किया गया।

**स्वतंत्र लोकपाल की मांग :** समय-समय पर यह सुझाव दिया गया है कि न्यायिक आचरण की जांच के लिए एक स्वतंत्र निकाय होना चाहिए जिसमें न्यायपालिका के बाहर के सदस्य भी हों।

### निष्कर्ष

8,600 से अधिक शिकायतें केवल एक संख्या नहीं हैं, बल्कि यह आम आदमी की न्यायपालिका से अपेक्षाओं और उससे उत्पन्न असंतोष का प्रतिबिंब हैं। न्याय न केवल होना चाहिए, बल्कि वह होते हुए दिखना भी चाहिए। यदि न्यायपालिका अपनी आंतरिक खामियों को दूर कर एक पारदर्शी शिकायत निवारण तंत्र विकसित करती है, तो इससे जनता का भरोसा और अधिक मजबूत होगा।

## सेहत का शिवत्व

हमारे पर्व, त्योहार व व्रत, जहां सनातन आस्था, ऋतु चक्र और सामाजिक समरसता को संबल देते हैं, वहीं इनका सीधा रिश्ता हमारे स्वास्थ्य संवर्धन से भी जुड़ा है। देश में शिवरात्रि का पर्व ऐसे ऋतु परिवर्तन के सुहाने मौसम में आता है, जब शीत ऋतु विदा ले रही होती है और गुनगुनी धूप में ऊष्मा हमें ऊर्जावान बना रही होती है। सही मायनों में हमारे व्रत-त्योहार हमारी सनातन आस्था को संबल तो देते ही हैं, हमारे मनोकायिक रोगों का उपचार भी करते हैं। इस दिन लोग तनावभरी व मशीनीकृत जिंदगी से इतर शिवालयों में लंबी कतार लगाकर अपने आराध्य का जलाभिषेक करते हैं। घरों से निकलकर लोगों का आपस मिलना-जुलना होता है। जगह-जगह लगे दूध-फल के भंडारे समाज में दान व समरसता के मानवीय भाव को संबल देते हैं। सही मायने में हम इस दिन कृत्रिमता त्याग सहजता का जीवन जीते हैं। प्रकृति बदलते मौसम के अनुरूप कुछ खास फल भी इसके व्रत के लिए उपलब्ध कराती है, जो हमारे वात, पित्त व कफ को संतुलित करके हमें स्वस्थ बनाते हैं। निस्संदेह, शिवरात्रि आस्था, संयम व साधना का पर्व है। शिव जो संहारक भी हैं तो मानवता के कल्याण के लिए गरल पान करने वाले और धरती पर जीवन देने वाली गंगा का अवतरण करने वाले भी हैं। उनके अनुचर वे जीव-जंतु हैं, जो पारिस्थितकीय संतुलन के लिए बेहद जरूरी हैं। शिवरात्रि आध्यात्मिक उन्नति की रात्रि तो है ही, व्रत के जरिये संयम व साधना का मौका भी देती है। मौसमी बदलाव के दौरान व्रत हमारे पाचनतंत्र को नई ऊर्जा देते हैं। निस्संदेह, हमारे पर्व व त्योहार तमाम सनातन कथाओं और आस्था की परंपराओं से जुड़े हैं। लेकिन सही मायनों में इनका लक्ष्य श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का संवर्धन करना भी है। हमारे प्रतिष्ठित शिवालय प्रकृति की मनोहारी गोद और जल स्रोतों के निकट स्थित हैं, जहां श्रद्धालुओं को एक प्राकृतिक परिवेश में आध्यात्मिक लाभ के साथ मानसिक शांति भी मिलती है। तीर्थाटन हमारी अर्थव्यवस्था को भी गति देता है। हमारी शारीरिक गतिशीलता और आस्था का उल्लास हमें पूरे दिन एक विशिष्ट ऊर्जा से भर देता है। हम प्रसन्नचित महसूस करते हैं। हर छोटे-बड़े शहर, कस्बे से लेकर गांव में शिव आस्था की अनूठी ऊर्जावान तरंग से हमें एक आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर देती हैं। जो हमारे दैनिक जीवन की एकरसता को खत्म करती है। तमाम वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि प्राकृतिक वातावरण में सहजता और सरलता का व्यवहार हमारे उच्च रक्तचाप को कम करने में खासा मददगार होता है। सही मायने में हमारा कृत्रिम व्यवहार ही तनाव व हाइपरटेंशन का कारक बनता है। हमारे पर्व-त्योहार मंदिरों की लंबी कतारों में ऊंच-नीच, छोटे-बड़े और तमाम तरह के भेद को खत्म करके हमें इंसान मात्र होने का बोध कराते हैं। सहज जीवन स्वस्थ शरीर के लिए अपरिहार्य शर्त भी है। हमारे पूर्वजों ने पर्व-त्योहारों के जरिये मानवता, परमार्थ, समरसता और सहयोग-सामंजस्य के गुण विकसित करके हमारा एक अच्छा इंसान बनने का मार्ग ही प्रशस्त किया है।

# बंगाल का भविष्य: धर्म की लहर या प्रगति की राह?

ललित गर्ग



पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा भले अभी बाकी हो, पर राजनीतिक रणभेरी बज चुकी है। इस बार संकेत साफ हैं- चुनाव विकास बनाम विकास के दावे पर नहीं, बल्कि पहचान, अस्मिता और धर्म की ध्वजा के इर्द-गिर्द घूम सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य भर में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलनों को भारतीय जनता पार्टी एक वैचारिक उत्सव भर नहीं, बल्कि चुनावी अवसर में बदलने की रणनीति पर आगे बढ़ती दिख रही है। दूसरी ओर ममता बनर्जी ने भी यह समझ लिया है कि यदि चुनाव की जमीन धार्मिक विमर्श पर खिसकती है तो उसे खाली नहीं छोड़ा जा सकता। कोलकाता के न्यू टाउन में 'दुर्गा आंगन' का शिलान्यास और उसे बंगाली अस्मिता से जोड़ने का प्रयास इसी रणनीतिक सजगता का हिस्सा है।

बंगाल की राजनीति लंबे समय तक वर्ग-संघर्ष, वाम वैचारिकी और सामाजिक न्याय के नारों के इर्द-गिर्द घूमती रही। लगभग तीन दशक तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में रहा। उससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व था। किंतु 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ एक नई धुरी बनी-तृणमूल बनाम भाजपा। आज स्थिति यह है कि वाम और कांग्रेस हाशिए पर हैं और मुकाबला दो ध्रूवों के बीच सिमट चुका है। यही द्विध्रूवीयता चुनाव को अधिक तीखा और अधिक पहचान-केन्द्रित बना रही है। भाजपा का अभियान चार प्रमुख सूत्रों पर टिका है-बंगाल में हिंदू खतरे में है, बांग्लादेशी घुसपैठ, महिलाओं की असुरक्षा और भ्रष्टाचार। सीमावर्ती जिलों का उदाहरण देकर यह संदेश गढ़ा जा रहा है कि जनसांख्यिकीय संतुलन बदल रहा है। अवैध घुसपैठ का प्रश्न नया नहीं है, पर उसे इस समय राजनीतिक ऊर्जा के साथ जोड़ा जा रहा है। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना, शिक्षक भर्ती घोटाले, हिन्दुओं पर बढ़ते अत्याचार एवं भ्रष्टाचार जैसे प्रसंगों को शासन की विफलता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा का लक्ष्य स्पष्ट है-70 प्रतिशत हिंदू मतदाताओं में एक साझा असुरक्षा-बोध निर्मित करना, हिन्दुओं को जागृत करना और उसे मतदान व्यवहार में रूपांतरित करना। आज बंगाल में विकास की सबसे बड़ी बाधा घुसपैठियों का बढ़ना है। घुसपैठियों पर विराम लगाना चाहिए न कि इस मुद्दे पर राजनीति हो।

ममता बनर्जी की चुनौती दोहरी है। एक ओर उन्हें यह संदेश देना है कि वे अल्पसंख्यकों की संरक्षक हैं, दूसरी ओर हिंदू मतदाताओं को यह विश्वास भी दिलाना है कि उनकी आस्था और अस्मिता सुरक्षित है। 2021 के चुनाव में जब भाजपा ने 'जय श्रीराम' के नारे को आक्रामक रूप से उछाला, तब ममता ने 'जय मां दुर्गा' और 'चंडी पाठ' के माध्यम से एक सांस्कृतिक प्रत्युत्तर दिया था। इस बार वे दुर्गा आंगन जैसे प्रतीकों के जरिए यह संकेत दे रही हैं कि बंगाली हिंदू पहचान भाजपा की बपौती नहीं है। वे धर्म को राष्ट्रवाद की बजाय क्षेत्रीय अस्मिता के साथ जोड़ती हैं-卐बंगाल अपनी संस्कृति से हिंदू है, पर उसकी राजनीति बहुलतावादी है -यह उनका अंतर्निहित संदेश है। इसी बीच मुर्शिदाबाद में पूर्व तृणमूल नेता हुमायूं कबीर द्वारा 'बाबरी मस्जिद' के शिलान्यास की पहल ने नई जटिलता जोड़ दी है। इससे मुस्लिम मतदाताओं के भीतर एक अलग ध्रूवीकरण की संभावना पैदा हुई है। यदि मुस्लिम वोटों का बंटवारा होता है, तो तृणमूल का गणित प्रभावित हो सकती है। 2021 में उसे लगभग 48 प्रतिशत वोट और 223 सीटें मिली थीं-जिसमें मुस्लिम मतों का एकमुश्त समर्थन निर्णायक था। भाजपा 38 प्रतिशत वोट के साथ 65 सीटें जीतकर मुख्य विपक्ष बनी। ऐसे में यदि मुस्लिम मत 5-10 प्रतिशत भी इधर-उधर खिसकते हैं, तो कई सीटों का परिणाम बदल सकता है और भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आ सकती है।

यहां प्रश्न केवल गणित का नहीं, राजनीति के चरित्र का भी है। क्या बंगाल का चुनाव धार्मिक पहचान के उभार का प्रयोगशाला बनेगा? या यह प्रयोग अंततः विकास, रोजगार और बुनियादी ढांचे के प्रश्नों पर लौटेगा? विडंबना यह है कि जिस बंगाल को कभी देश की आर्थिक राजधानी कहा जाता था-जहां से उद्योग, शिक्षा और सांस्कृतिक नवजागरण की रोशनी फैलती थी, वह आज अधूरे प्रोजेक्ट्स, धीमी औद्योगिक गति और रोजगार के पलायन से जूझ रहा है। कोलकाता की सड़कों पर अधूरी मेट्रो लाइनें और बंद कारखानों की चुप्पी विकास की उस कहानी को बयान करती हैं, जो राजनीतिक नारों के शोर में दब जाती है। 2011 में टाटा के नैनो प्रोजेक्ट का राज्य से बाहर जाना एक प्रतीकात्मक मोड़ था। भूमि अधिग्रहण के प्रश्न पर जनसमर्थन पाने वाली राजनीति ने उद्योग के प्रति संशय का वातावरण भी बनाया। पंद्रह वर्षों बाद भी बंगाल बड़े निवेश की प्रतीक्षा में है। युवा रोजगार के लिए बाहर जा रहे हैं, और कई राज्यों में उन्हें 'बांग्लादेशी' कहकर अपमानित किए जाने की खबरें आती हैं। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, आत्मसम्मान का प्रश्न भी है। किंतु चुनावी विमर्श में यह पीड़ा गौण हो जाती है, और केंद्र में आ जाता है-धर्म, पहचान और भय।


ममता बनर्जी केंद्र सरकार पर वित्तीय भेदभाव का आरोप लगाती हैं; भाजपा राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का। सी.बी.आई. और ई.डी. की कार्रवाइयों को ममता राजनीतिक प्रतिशोध बताती हैं, जबकि भाजपा उन्हें कानून का पालन। इस टकराव ने प्रशासनिक संवाद को भी राजनीतिक संघर्ष में बदल दिया है। परिणाम यह है कि विकास का एजेंडा आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ जाता है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या धर्म-आधारित ध्रूवीकरण स्थायी राजनीतिक समाधान दे सकता है? इतिहास बताता है कि धार्मिक उभार अल्पकालिक ऊर्जा तो देता है, पर दीर्घकालिक शासन-क्षमता की कसौटी पर उसे विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रश्नों से जूझना ही पड़ता है। यदि चुनाव केवल 卐कौन किसका प्रतिनिधि है卐 तक सीमित रह गया, तो 卐कौन क्या करेगा卐 का प्रश्न अनुत्तरित रह जाएगा।

बंगाल की आत्मा बहुलतावाद में रही है-रामकृष्ण परमहंस से लेकर रवींद्रनाथ तक, यह भूमि विविध आस्थाओं और विचारों का संगम रही है। यहां दुर्गा पूजा और मुहर्रम दोनों सामाजिक उत्सव का रूप लेते रहे हैं। यदि राजनीति इस सामाजिक ताने-बाने को चुनावी अंकगणित में बदल देगी, तो समाज की संवेदनशीलता पर चोट पहुंचेगी। दूसरी ओर, यदि धार्मिक प्रतीकों का उपयोग सांस्कृतिक आत्मगौरव के साथ विकास-प्रतिबद्धता को जोड़ने में किया जाए, तो वह सकारात्मक भी हो सकता है। इस चुनाव में भाजपा की रणनीति हिंदू मतों का अधिकतम ध्रूवीकरण है; ममता की रणनीति हिंदू पहचान को बंगाली अस्मिता के साथ समाहित कर अल्पसंख्यकों के विश्वास को बनाए रखना है। मुस्लिम दलों की सक्रियता तृणमूल के लिए चुनौती है, पर वह भाजपा के लिए अवसर भी है। यह त्रिकोणीय-संभावना चुनाव को जटिल बनाती है। परंतु अंततः लोकतंत्र की परिपक्वता मतदाता तय करता है। यदि बंगाल का मतदाता विकास, रोजगार और सुशासन को प्राथमिकता देता है, तो राजनीतिक दलों को अपना विमर्श बदलना होगा। यदि वह पहचान की राजनीति को स्वीकार करता है, तो वही भविष्य की दिशा बनेगी। प्रश्न केवल यह नहीं कि कौन जीतेगा; प्रश्न यह है कि जीत का एजेंडा क्या होगा?

क्या धर्म के आधार पर लड़ा गया चुनाव सार्थक मूल्य स्थापित कर पाएगा? या यह राज्य को और अधिक वैचारिक खाइयों में धकेल देगा? बंगाल की धरती ने अनेक बार भारत को नई वैचारिक दिशा दी है। आज फिर अवसर है-या तो वह धर्म बनाम धर्म की बहस में उलझे, या धर्म को नैतिकता और विकास की प्रेरणा बनाकर नई राजनीति की राह खोले। चुनाव परिणाम चाहे जो हो, असली कसौटी यही होगी कि क्या बंगाल अपनी आर्थिक ऊर्जा, सांस्कृतिक उदारता और सामाजिक समरसता को पुनः प्राप्त कर पाता है। यदि नहीं, तो धर्म की ध्वजा चाहे जितनी ऊंची फहराई जाए, विकास का शून्य अंततः सबको दिखाई देगा।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3803



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




### काकुरो - 3802 का हल



## लॉफिंग जौन

एक औरत का पति मर गया। वह बीमा कंपनी के ऑफिस जाकर मैनेजर से बोली- मैनेजर साहब, मेरे पति गुजर गए हैं। उनके बीमे का रुपया दिलवाइए।

मैनेजर बोला- इस घटना को सुनकर बहुत दुःख हुआ।

औरत बोली- जरूर हो रहा होगा। मर्दों का हर जगह यही हाल है। जब भी औरत को चार पैसे मिलने का मौका आता है, उन्हें बड़ा दुःख होता है।

□ □ □

नरेश की शादी एक अनपढ़ महिला से हो गई। शादी की पहली रात वह पति से बोली- आप तो बड़े ही अच्छे और दयालु इंसान हो जी। आपने तो मेरा उद्धार ही कर दिया।

इस पर नरेश ने कहा- ऐसी कोई बात नहीं है।

पत्नी बोली- मेरी भाभी और मेरी चाची हमेशा मुझे प्रताड़ित करती रहती थी और कहती थी कि तेरे जैसी मूर्ख से तो कोई गधा ही होगा जो शादी करके तेरा उद्धार करेगा।


□ □ □

एक बार मिस्टर चमन चित्र प्रदर्शनी देख रहा था।

एक जगह रुक कर उसने कहा- छिः!!! क्या इसे आप मॉडर्न आर्ट कहते हैं?

संचालक- जी नहीं श्रीमान, आप गलत समझ रहे है। इसे तो हम आईना कहते हैं।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3803



### बायें से दायें:-

१. अजय देवगन, उर्मिला, महिमा की 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'प्रेमी आशिक आवारा' गीत वाली अजय देवगन, मधु की फिल्म-२,२,२
६. जिमी शेरगिल, ऋशिता की 'आँखें भी होती हैं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१०. शत्रुघ्न सिन्हा, श्रीदेवी की 'कोई मर्द ना ऐसा' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करण नाथ, मनीषा, नतान्या की फिल्म-२
१४. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'तेरी निगाहों पें मर' गीत वाली महमूद, विजयलक्ष्मी की फिल्म-४
१७. अक्षय, सुनील, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पान की फिल्म-३
२३. शशिकपूर, शर्मिला की 'वो तेरे प्यार का गम' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. फिल्म 'परिचय' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'मेरे प्यार की आवाज' गीत वाली विनोद खन्ना, नीतू सिंह की फिल्म-५
३१. 'महबूब की मेहंदी' में राजेशखन्ना के साथ नायिका कौन थी-२
३२. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२

### ऊपर से नीचे:-

१. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय खन्ना, अमृताराव की आगामी नई फिल्म-३
२. 'करीब' में बॉबी की नायिका -२
३. कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
४. सलमान, संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'अरे बाब' गीत वाली फिल्म-३
५. 'इश्क समंदर' गीत वाली फिल्म-२
७. संजयकपूर, प्रिया गिल, सुष्मिता की 'होश ना खबर' गीत वाली फिल्म-२,२
९. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा की फिल्म-३
११. 'प्यार करना नही' गीत वाली फिल्म-३
१२. किशोरकुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'जंगल में मोर नाचा' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'आवारा' की नायिका कौन थी-३
१८. 'तुम्हें जिंदगी के' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की फिल्म-३
१९. विक्रम, लक्ष्मी की 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली फिल्म-२
२२. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
२४. 'पैसे बिना प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. मिथुन, काजल किरण की 'तेरे नाम का दिवाना' गीत वाली फिल्म-४
२७. ऋषिकपूर, माधुरी की फिल्म-३
२८. रेमो फर्नांडीस के गीत 'देखो देखो ये है जलवा' गीत वाली फिल्म-३
३०. अमिताभ, गोविंदा, किमी की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3802



## सूडोकु -3803

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3802 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

## शब्द पहेली - 3803



### बाएँ से दाएँ

1.असह्य,नागवार-5
4.कली-3
6.पराया,पंख-2
7.समुद्र-3
8.पिता की बहन-2
10.चौकसी,सुरक्षा-3
11.कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14.छल,धोखा-3
16.पक्षी,उड़ने वाला-4
17.उम्मीद-2
18.दौरा,पहरेदारी-2
19.धारण करना-4
21.आफत,मुसीबत-3
22.विदिर्ण-2,2
24.प्रकाशित-3
25.बल,जान-2
27.रसदार-3
28.जगत,दुनिया-2
29.नग,मूल्यवान पत्थर-3
30.तृप्त होना-5

### ऊपर से नीचे

1.जबरन उठा ले जाना-5
2.महोदय (अंग्रेजी-2)
3.नीलिमा-4
4.कुंती पुत्र,राधेय-3
5.वश,अधीन-2
7.संपूर्ण,पूर्ण-2
9.शिकार-3
12.असली,शुद्ध-3
13.हठ करना,रोना -4
15.हारा हुआ,पराजित-3
16.मशवरा,सलाह-4
17.विश्राम-3
18.अभिमान-3
20.भयभीत होना-2,3
21.संभवतः-3
22.टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23.तरना,स्वीमिंग-3
24.इसे मकड़ी बुनती है-2
26.जी,चित-2
28.संपत्ति-2

### शब्द पहेली -3802 का हल



# नोएडा में सेक्टर-61 से ग्रेटरनोएडा वेस्ट तक जाएगी मेट्रो

**4 स्टेशन को बनाया जाएगा, आरआरटीएस को कनेक्ट करेगी, 1.25 लाख की राइडरशिप**

**नोएडा।** नोएडा से ग्रेटरनोएडा वेस्ट तक मेट्रो को विस्तारित किया जाएगा। इसमें पांच स्टेशन होंगे। सेक्टर-61 कॉमन स्टेशन होगा। यानी दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन और एनएमआरसी का ज्वाइंट स्टेशन होगा। इसे जंक्शन की तर्ज पर तैयार किया जाएगा।

हालांकि ये यूपी कैबिनेट से एप्रूव नॉलेज पार्क-5 तक मेट्रो का ही एक पार्ट है। लेकिन ग्रेटरनोएडा वेस्ट के सेक्टर-4 स्टेशन पर एक आरआरटीएस को जोड़ेगा।

इससे ग्रेनो वेस्ट में लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिलेगा। लोगों को बेहतर पब्लिक ट्रांसपोर्ट के नाम पर मेट्रो की सेवा मिलेगी। साथ एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी भी मिल जाएगी। आरआरटीएस सरायकाले खां से ग्रेटरनोएडा वेस्ट सेक्टर-4 से होकर नॉलेज पार्क-5 तक जाएगी। जो नॉलेज पार्क-5 में गाजियाबाद से प्रस्तावित आरआरटीएस को कनेक्ट करेगी। जिससे एयरपोर्ट जाना आसान होगा।

दिल्ली मेट्रो के जरिए सेक्टर-61 और आगे जाने वाले एनएमआरसी की सेक्टर-61 से मेट्रो ले सकेंगे। यहां से



ग्रेटरनोएडा वेस्ट जा सकेंगे। जिनको जेवर जाना है वो आरआरटीएस को पकड़ सकेगे। इस रूट की फाइल डीपीआर तैयार है। थोड़ा संशोधन करने के बाद इसको दोबारा से यूपी केबिनेट को भेजा जाएगा। वहां इस एक्सटेंशन लाइन को अप्रूवल मिल जाएगा।

सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि इस रूट के बनने से करीब 1.25 और इससे ज्यादा लोगों को फायदा होगा। साथ ही ग्रेनो वेस्ट, गौड़ चौक और नोएडा से ग्रेनो वेस्ट जाने वाले लोगों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट और जाम से निजात मिल जाएगा।

### कम पैसे में ज्यादा राइड शिप

से एक्सटेंशन लाइन होगी। इसका बजट भी कम होगा। इक्विटी के अनुसार केंद्र सरकार, राज्य सरकार, नोएडा और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण सभी मिलकर पैसा खर्च करेंगे। जिससे निर्माण हो सकेगा।

### चार स्टेशन होंगे शामिल

ये रूट करीब 6 किमी का होगा। इसमें चार स्टेशन बनाए जाएंगे। पूरा कारिडोर एलिवेटेड ट्रैक पर होगा। इसमे सेक्टर-61 स्टेशन, सेक्टर-70 स्टेशन, सेक्टर-123 और सेक्टर-4 ग्रेटर नोएडा वेस्ट का होगा। ये लाइन आरआरटीएस को कनेक्ट करेगी।

### एक साथ होगा शिलान्यास

सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि ग्रेटरनोएडा डिपो से जुनपत और बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक की डीपीआर को केंद्र सरकार ने पहले ही अप्रूव कर दिया है।

इनकी डिटेल्ड ड्राइंग डिजाइन पर काम किया जा रहा है। टोपो ग्राफी सर्वे और स्वाइल टेस्टिंग का काम लगभग पूरा हो चुका है।

ऐसे में दोनों रुटों का एक साथ शिलान्यास किया जाएगा। ये अगले महीने तक संभव है।

# नोएडा के नए रूट से जुड़ेगी डीटीसी की बस

**दिल्ली सरकार से बातचीत होगी, फीडर और इनर में फीडर बस का संचालन बढ़ेगा**

**नोएडा।** नोएडा में डीटीसी बस का संचालन की उम्मीद जगी है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा के लिए अब दिल्ली डीटीसी (दिल्ली सरकार) के साथ जल्द समझौता हो सकता है। डीटीसी की बस नोएडा के कुछ रूट पर अब भी आती है। रोजाना हजारों लोग इनका फायदा लेते हैं। ऐसे में डीटीसी बसों के रूट दायरा बढ़ाया जा सकता है। ये बस नोएडा के आउटर सर्किल में चल सकती है। जबकि अंदर सेक्टर को जोड़ने के लिए फीडर बस चलाएंगे। प्राधिकरण के सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि इसके लिए शासन स्तर पर बातचीत की गई है। जल्द ही शासन और दिल्ली सरकार के



बीच बातचीत होगी। जिसमें अहम निर्णय लिए जा सकते है। बता दे वर्तमान में दिल्ली की डीटीसी बस नोएडा में डीएनडी से प्रवेश करते हुए रजनीगंधा और सेक्टर-62 तक जाती है। बतौर सेक्टर-16 में डीटीसी का डिपो भी है। प्राधिकरण की कवायद है कि डीटीसी की बस दिल्ली से नोएडा में प्रवेश के साथ सेक्टर-62, ग्रेटरनोएडा के परिचौक और ग्रेटरनोएडा वेस्ट तक जाए। ये बस बड़ी है ऐसे में आउटर सर्किल में चलने से ट्रैफिक जाम की समस्या नहीं होगा और पब्लिक को सहुलियत मिलेगी।

### इन सेक्टर के लिए फीडर बस

सीईओ ने बताया कि नोएडा के इनर सेक्टरों के लिए फीडर बस चलाएंगे। ये फीडर बस ई-बस योजना के तहत शासन नोएडा को प्रोवाइड कराएगा। पहले 500 बसे मिलनी थी। जिसमें 300 बस नोएडा बाकी ग्रेटरनोएडा और यमुना के लिए थी।

टेंडर डेट पूरी होने के बाद दोबारा से टेंडर प्रक्रिया हो रही है। ऐसे में अब ऑन डिमांड बस नोएडा को मिलेंगी। पहले फेज में करीब 100 बस नोएडा प्राधिकरण लेगा। जिनका संचालन इनर सेक्टरों में किया जा सकता है।

### आम लोगों को मिलेगा पब्लिक ट्रांसपोर्ट

नोएडा में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के नाम पर मेट्रो है। यहां सिटी बसों का चलना जरुरी है। इसी को ध्यान में रखकर ही डीटीसी और फीडर बस चलाने की योजना पर काम किया जा रहा है। जिससे रोजाना करीब 2 से 3 लाख लोगों को फायदा होगा।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर स्पीड लिमिट की पाबंदी हटी

**हल्के वाहन 100 और भारी 80 किमी प्रतिघंटा से चलेंगे, हर रोज गुजरती हैं 35 हजार गाड़ियां**

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहनों के रफ्तार से पाबंदी हटा दी गई। अब एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहन 100 किलोमीटर प्रति घंटा और भारी 80 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ेंगे। 15 फरवरी की रात 12 बजे से पुरानी गति सीमा निर्धारित कर दी गई है। ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 165 किलोमीटर लंबा यमुना एक्सप्रेसवे गौतमबुद्ध नगर के अलावा अलीगढ़, हाथरस, मथुरा और आगरा जिलों से होकर गुजरता है। 15 दिसंबर 2025 को प्रबंधन ने एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों की गति सीमा 75 किलोमीटर किलोमीटर और भारी वाहनों की 60 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित कर दी थी। जिसे मौसम में बदलाव के साथ ही 15 फरवरी की रात 12 बजे से दोबारा गति सीमा को बढ़ा दिया है।

एक्सप्रेसवे पर प्रतिदिन करीब 35 हजार वाहन गुजरते हैं। वीकेंड, त्योहार और लंबी छुट्टी के समय वाहनों की संख्या बढ़कर करीब 50 हजार तक पहुंच जाती है। इसी तरह नोएडा एक्सप्रेस वे और नोएडा जोनल सड़कों की स्पीड लिमिट को पहले जितना किया जा रहा है। कोहरे के चलते इनकी स्पीड लिमिट को कम किया गया था।

## नोएडा एयरपोर्ट परिसर में संदिग्ध ड्रोन उड़ा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर स्थित निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परिसर में संदिग्ध ड्रोन उड़ने का मामला सामने आया है। लगातार दो दिनों तक एयरपोर्ट क्षेत्र के ऊपर ड्रोन देखे जाने के बाद पुलिस ने सोमवार रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात एक निजी कंपनी के सुरक्षा अधिकारी कृष्णकांत की शिकायत पर की गई है। सुरक्षा अधिकारी ने पुलिस को बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से रनहेरा-कुरैब गांव की ओर से झाझर रोड की दिशा में ड्रोन उड़ते देखे जा रहे थे। ये ड्रोन कई बार एयरपोर्ट परिसर की सीमा में प्रवेश कर कुछ देर मंडराने के बाद उसी दिशा में लौट जाते थे। पुलिस के अनुसार, एयरपोर्ट का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और सुरक्षा कारणों से पूरे परिसर को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। यह क्षेत्र नो-फ्लाई जोन में आता है, जहां किसी भी बाहरी व्यक्ति की ओर से ड्रोन उड़ाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। तीन दिन पहले एयरपोर्ट प्रशासन ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए ड्रोन उड़ाए थे, लेकिन हाल ही में देखे गए ड्रोन उनसे अलग बताए जा रहे हैं। एसीपी जेवर सार्थक सेंगर ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# महाशिवरात्रि में कुट्टू का आटा खाने से 40 लोग बीमार

**देर रात शुरू हुई उल्टी, ग्रेटर नोएडा के हॉस्पिटल में 17 भर्ती**

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में महाशिवरात्रि के व्रत के दौरान कुट्टू का आटा खाने से करीब 40 लोग बीमार हो गए।

ये सभी बिसरख थाना क्षेत्र की हिमालय प्राइड और इको विलेज 3 सोसाइटी के निवासी हैं। इनमें से 12 से अधिक लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं।

जानकारी के अनुसार, व्रत के दिन लोगों ने बाजार से कुट्टू का आटा खरीदकर खाया। रात में ही बीमारियों



की शिकायतें शुरू हुईं। प्रभावित लोगों में उल्टी और पेट में दर्द जैसे फूड पॉइजनिंग के लक्षण दिखे। उन्हें पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने फूड पॉइजनिंग की पुष्टि की।

प्राथमिक उपचार के बाद कई लोगों को घर भेज दिया गया, लेकिन लगभग 27 लोग अभी भी कमजोरी के कारण अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज जारी है।

हिमालय प्राइड सोसाइटी के निवासी दीपक ने बताया कि उन्होंने शिवरात्रि के व्रत पर कुट्टू का आटा खाया था, जिसके बाद उन्हें दिक्कत शुरू हो गई। उन्होंने यह भी बताया कि सोसाइटी के अन्य लोग भी इसी कारण से बीमार हुए हैं और अस्पताल में भर्ती हैं।

घटना की सूचना मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग भी सक्रिय हो गया है। विभाग इन लोगों से पूछताछ कर रहा है ताकि यह पता चल सके कि कुट्टू का आटा किस दुकान से खरीदा गया था।

इसके बाद आटे का सैंपल लेकर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# यमुना पुश्ता पर 23 किमी एलिवेटेड बनाएगा यूपीडा

**नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दिल्ली से सीधी कनेक्टविटी, तीनों प्राधिकरण करेंगी खर्च**

नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के लिए पुश्ता पर 23 किमी लंबी एलिवेटेड रोड बननी है। सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि ये रोड यूपीडा ही बनाएगा। प्राधिकरण बोर्ड से इससे पहले ही अप्रूवल मिल चुका है। यूपीडा ही सिचाई विभाग से एनओसी भी लेगा। तीनो प्राधिकरण इसमें आने वाली लागत का खर्चा वहन करेंगी। इस ट्रैक के बनने से एक्सप्रेस वे पर ट्रैफिक भार कम होगा।

ये एलिवेटेड रोड छह लेन की बनाई जाएगी। प्राधिकरण का पहले मत था कि इस एलिवेटेड रोड का निर्माण एनएचएआई करे। लेकिन बोर्ड ओर शीर्ष अधिकारियों की मीटिंग के बाद तय किया गया कि अब निर्माण यूपीडा ही करेगा। इस ट्रैक में सबसे ज्यादा हिस्सा नोएडा प्राधिकरण का ही होगा।



दरअसल ये एक्सप्रेस वे छह लेन एलिवेटड होगा। ये ओखला बैराज से हिंडन यमुना होते हुए यमुना एक्सप्रेस वे तक जाएगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए दिल्ली से सीधे कनेक्टिविटी भी होगी। इसका फायदा तीनों प्राधिकरण नोएडा, ग्रेटरनोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे को होगा। ये लिंक ट्रैफिक लोड को देखते हुए बहुत अहम है।

### क्या है योजना इसे समझे

वर्तमान में नोएडा ग्रेटरनोएडा को जोड़ने के लिए एक्सप्रेस वे है। ये एक्सप्रेस वे जीरो पाइंट पर यमुना एक्सप्रेस वे को जोड़ता है। प्लान है यमुना पुश्ता रोड पर एक एलिवेटड रोड बनाई जाए। हिंडन यमुना दोआब होते हुए हिंडन नदी को पार करते हुए यमुना एक्सप्रेस वे तक जाएगा। दो स्थानों पर प्रवेश और निकास के लिए लूप या अंडरपास बनाने की आवश्यता होगी। यानी लूप या अंडरपास सेक्टर-168 एफएनजी को कनेक्ट करने के लिए। दूसरा सेक्टर-150 में सेक्टर-149ए व सेक्टर-150 के बीच 75 मीटर चौड़ी सड़क को कनेक्ट करेगा।

### इससे होगा ये फायदा

इस रोड के बनने से दिल्ली हरियाणा की ओर जाने वाली व ग्रेटरनोएडा यमुना एक्सप्रेस वे एवं अन्य शहरों को जाने वाला यातायात नोएडा में बिना प्रवेश किए उक्त एक्सप्रेस वे से सीधे गुजर जाएगा। भविष्य में इंटरनेशनल एयरपोर्ट की ओर जाने वाला ट्रैफिक सुगम होगा। आगरा, लखनऊ के जाने वाले लोगों को आसानी होगी। प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकेगा।

# ग्रेटर नोएडा में युवक-युवतियों में मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में 14 फरवरी की रात युवक-युवतियों से मारपीट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार, बेसबॉल बैट और डंडा भी बरामद किया है। यह घटना आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी के पास हुई, जहां सोसाइटी के दो लड़कों और दो लड़कियों का शाहरुख और अजीम नामक दो व्यक्तियों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने वेदांत और उसके दोस्तों के साथ गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी।

आरोपियों ने बेसबॉल बैट से पीड़ितों की पिटाई की, जिसमें वेदांत नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावरों ने उनकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान चारों लोगों, जिनमें युवतियां भी शामिल थीं, के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। मारपीट के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

घटना के बाद पीड़ितों ने हिंदू संगठनों को इसकी जानकारी दी। हिंदू संगठन के सदस्य बिसरख थाने पहुंचे और उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने गाजियाबाद के डासना निवासी शाहरुख और अमरोहा निवासी अजीम को चार मूर्ति से एटीएस की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल की गई कार, बेसबॉल बैट और डंडा बरामद किया गया। हिंदू संगठन के सदस्यों ने बिसरख थाने पहुंचकर इस घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने पुलिस और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मामले का संज्ञान लेने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# सपा ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू की

**गौतम बुद्ध नगर।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी गौतमबुद्ध नगर से चुनावी अभियान का बिगुल फूंकेगी, जहां 29 मार्च को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस रैली और चुनाव तैयारियों को लेकर जिला संगठन सक्रिय है।

सोमवार को सपा के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी ने कमर कस ली है। इसी क्रम में जिले में संगठन का विस्तार किया गया है।

इस विस्तार के तहत, विक्रम लोहिया को जिला प्रवक्ता और जितेंद्र टाइगर को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भाटी ने जानकारी दी कि अखिलेश यादव की रैली गौतमबुद्ध नगर जिले की दादरी विधानसभा क्षेत्र से होगी। इसमें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा कई जिलों से बड़े नेता, हजारों कार्यकर्ता और आम लोग शामिल होंगे। यह उल्लेखनीय है कि गौतमबुद्ध नगर में समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन पारंपरिक रूप से कमजोर रहा है।

# प्राधिकरण की लापरवाही से गई में भांजे की जान

**मामा बोले- मेरी बहन को ससुराल वालों ने भगा दिया है, हमें न्याय चाहिए**

जेवर। ग्रेटर नोएडा में तालाब में डूबने से 3 साल के देवांश की मौत मामले ने तूल पकड़ लिया है। शनिवार को हुए हादसे के बाद सोमवार को एसडीएम आशुतोष गुप्ता समेत कई प्रशासनिक अधिकारी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। अधिकारियों ने घटना की जानकारी ली और आर्थिक मदद का भरोसा दिया।

परिवार का कहना है कि अगर जल्द लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरने पर बैठेंगे। गांव में शोक का माहौल है और परिजन सदमे में हैं। मामला दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दलेलगढ़ गांव का है।

### भंडारे में आया था बच्चा

गांव निवासी अनिल के छोटे भाई मंदिर में 41 दिन की तपस्या कर रहे थे। शनिवार शाम समापन पर भंडारे का आयोजन था। इसमें शामिल होने के लिए अनिल की बेटी अंजलि अपने 3 साल के बेटे देवांश के साथ सिकंदराबाद (बुलंदशहर) से मायके आई थी। इसी दौरान खेलते-खेलते देवांश मंदिर के पास स्थित तालाब में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतक के मामा अरुण ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। यह मौत लापरवाही का नतीजा है। तालाब ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की जमीन पर है। इसकी सफाई और तारबंदी की मांग पहले भी की गई थी, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। सुरक्षा इंतजाम होते तो हादसा न होता। मेरा भांजा मेरे पास होता।

हादसे के बाद एक और मामला सामने आया है। देवांश की नानी बबीता का आरोप है कि ससुराल पक्ष अंजलि को बच्चे की मौत का जिम्मेदार ठहराकर घर में न रखने की धमकी दे रहा है। इससे परिवार में तनाव है।

ग्रामीणों का कहना है कि आसपास पशुचर और सरकारी जमीन पर अवैध खनन से गहरे गड्ढे हो गए हैं। इनमें करीब 10 फीट तक पानी भरा है। इससे भविष्य में और हादसों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने गड्ढे भरने और तारबंदी कराने की मांग की है।

### जीएम बोले- जमीन प्राधिकरण की नहीं

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जीएम प्रोजेक्ट एके सिंह ने वीडियो जारी कर कहा कि जहां बच्चा डूबा, वह जमीन प्राधिकरण की नहीं है। उन्होंने दावा किया कि यह गांव के तीन भाइयों की जमीन है।

## शार्ट न्यूज

### नोएडा में युवक को बेरहमी से पीटा

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में एक शादी समारोह के दौरान एक युवक को बेरहमी से पीटने और बाल पकड़कर सड़क पर घसीटने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना नोएडा एक्सप्रेस-वे थाना क्षेत्र के छपरौली गांव की है। वायरल वीडियो में कुछ लोग युवक को लात-घूंसों और लाठी-डंडों से पीटते हुए दिख रहे हैं। उसे बाल पकड़कर सड़क पर घसीटा गया और उस पर मोटरसाइकिल चढ़ाने की भी कोशिश की गई। मौके पर मौजूद महिलाएं और अन्य लोग युवक को बचाने की गुहार लगाते रहे। नोएडा के शाहपुर निवासी ज्ञानेंद्र चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 फरवरी को छपरौली गांव में उनकी साली की शादी थी। इसी दौरान उनके 17 वर्षीय बेटे हिमांशु के साथ कुछ लड़कों ने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। ज्ञानेंद्र चौहान के अनुसार, हमलावरों ने उनके बेटे को सड़क पर गिराकर पीटा, लाठी-डंडों से वार किए और बाल पकड़कर घसीटा। एक युवक ने उस पर मोटरसाइकिल चढ़ाने का भी प्रयास किया। हमलावर हिमांशु को अधमरा छोड़कर फरार हो गए।

### प्राधिकरण ने 37.5 करोड़ की जमीन मुक्त कराई

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बिलासपुर के अधिसूचित क्षेत्र में लगभग 18,770 वर्ग मीटर जमीन पर हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस जमीन की अनुमानित कीमत 37.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर भूलेख और परियोजना विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की। कालोनाइजर बिलासपुर के खसरा नंबर 100, 104 और 105 की जमीन पर अवैध रूप से घर और बाउंड्री बनाकर प्लॉटिंग करने का प्रयास कर रहे थे। प्राधिकरण ने इन सभी अवैध ढांचों को बुलडोजर चलाकर हटा दिया। ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने अवैध निर्माण करने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अधिसूचित क्षेत्र में बिना अनुमति या नक्शा पास कराए बिना निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने आम जनता से अपील की कि ग्रेटर नोएडा में जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी प्राप्त कर लें, ताकि उनकी गाढ़ी कमाई अवैध कॉलोनियों में न फंसे।

### यमुना प्राधिकरण पर किसानों का प्रदर्शन

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में सोमवार को किसानों ने यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसान एकता संघ के नेतृत्व में प्रभावित किसान यमुना प्राधिकरण कार्यालय के बाहर इकट्ठा हुए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने प्राधिकरण के बाहर ही महापंचायत का आयोजन किया। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने बताया कि यह प्रदर्शन आबादी के निस्तारण और रोजगार की मांग को लेकर किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राधिकरण ने किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया, बल्कि उनकी आबादी की जमीन को जबरन अधिग्रहीत किया जा रहा है। प्रधान ने कहा कि प्राधिकरण ने कोई भौतिक सर्वेक्षण नहीं किया, बल्कि कागजों पर ही सर्वे कर लिया। सोरन प्रधान के अनुसार, वर्ष 2009 से लेकर 2026 तक आबादी का निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण ने अपने वादे पूरे नहीं किए, जिसके कारण उन्हें महापंचायत करनी पड़ी। प्रधान ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई, तो यह महापंचायत अनिश्चितकालीन धरने में बदल जाएगी।

### किशोरी को ब्लैकमेल कर लाखों के गहने, कैश हड़पा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को ब्लैकमेल कर लाखों रुपये के आभूषण और नकदी हड़पने का मामला सामने आया है। किशोरी के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पड़ोसी गांव के आरोपी युवक को सोमवार देर शाम हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक गांव की किशोरी की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पड़ोसी गांव के एक लड़के से दोस्ती हो गई थी। कुछ समय तक दोनों के बीच मैसेज का आदान-प्रदान हुआ, जिसके बाद उनकी मुलाकात भी हुई। आरोप है कि मुलाकात के दौरान आरोपी युवक ने किशोरी को झांसे में लेकर उसके आपत्तिजनक फोटो खींच लिए। इसके बाद आरोपी ने उन तस्वीरों का इस्तेमाल कर किशोरी को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। ब्लैकमेलिंग के जरिए आरोपी ने किशोरी से उसके घर से करीब 20 लाख रुपये के आभूषण और कई लाख रुपये की नकदी मंगवाकर हड़प ली। रविवार को परिवार को नकदी की आवश्यकता हुई, लेकिन घर में पैसे नहीं मिले।

### मारपीट से आहत होकर युवक ने जान दी

**ग्रेटर नोएडा।** कासना कोतवाली क्षेत्र के इमलिया गांव में किराए पर रहने वाले एक युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला सामने आया है। कासना कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम गुटैरा जिला हाथरस निवासी जितेंद्र कुमार ने शिकायत दी है कि उसका भाई बीपी सिंह इमलिया गांव में जितेंद्र नागर के मकान में रहता था। मकान की देखरेख कर रहे मनोज पासवान और नीरज पासवान निवासी ग्राम सुनहर, जिला रोहतास बिहार से किसी बात को लेकर बीपी सिंह का विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के बाद दोनों ने उनके भाई के साथ मारपीट की। इससे आहत होकर बीपी सिंह ने आत्महत्या कर ली। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद आरोपी उसके भाई का शव लेकर एंबुलेंस से गांव की ओर भाग गए। मामले की सूचना मिलते थाना सहपऊ पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। अब थाना कासना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में आरोपी बाप-बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। स्कूटी चला रहा महिला का पति भी हादसे में घायल हो गया है। हादसा सेक्टर 44 में रविवार सुबह सवा नौ बजे के करीब हुआ। मृतक महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शाहजहांपुर निवासी शिवकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्तमान में वह इलाहाबास गांव में किराये का कमरा लेकर पत्नी समेत परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रह रहा है। रविवार को शिवकुमार स्कूटी से पत्नी मंजू को लेकर फरीदाबाद से नोएडा लौट रहे थे। सुबह सवा नौ बजे के करीब जब वह सेक्टर-44 के पास दादरी रोड पर पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक कैंटर के चालक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिर गए। हादसे में मंजू के सिर में गंभीर चोट लगी। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया।

### आईपीएस अधिकारी बनकर धमकाने वाले की तलाश शुरू

ग्रेटर नोएडा। बिसरख के युवक को फोन कर आईपीएस अधिकारी बनकर धमकी देने के मामले की पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि पुराने मुकदमे वापस लेने को लेकर धमकी दी गई है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित राकेश की शिकायत पर आरोपी कुमार गौरव और नीतीश भाटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी धमकी दे रहे है कि उनके खिलाफ जो मुकदमे डाल रखे हैं उन्हें वापस ले लो नहीं तो अंजाम बुरा होगा। पीड़ित का आरोप है कि एक आरोपी द्वारा आईपीएस बनकर अपहरण व एनकाउंटर की भी धमकी दी गई है। घटना के बाद से पीड़ित और उसका परिवार काफी डरा हुआ है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को गिरफ्तार कर करवाई की जाएगी।

# पत्नी-बेटे की रिटायर फौजी ने गोली मारकर हत्या की

## खुद रेलवे लाइन पर लेटकर सुसाइड किया, कानपुर की वारदात




**कानपुर।** कानपुर में रिटायर फौजी ने लाइसेंसी बंदूक से पत्नी और 16 साल के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद वह बाइक से रेलवे अंडरपास पहुंचा और ट्रेन के नीचे लेटकर जान दे दी। वारदात का पता उस वक्त चला, जब पुलिस बाइक के नंबर से फौजी की पहचान कर उसके घर पहुंची। घर के अंदर जाने पर पत्नी और बेटे की फर्श पर लाश मिली। पत्नी के सिर और बेटे के सीने में गोली मारी गई थी। किचन से बेडरूम तक खून फैला हुआ था। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने अफसरों को इसकी जानकारी दी।

फिलहाल पुलिस का कहना है कि फौजी ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी वजह अब तक सामने नहीं आई है। घटना सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र की है। मृतकों की पहचान रिटायर फौजी चेतराम पासवान (51), उसकी पत्नी सुनीता वर्मा (40) और बेटे दीप (16) के रूप में हुई है।

चेतराम मूल रूप से घाटमपुर के सेरूआ बखरिया गांव का रहने वाला था। उसकी शादी 25 साल पहले साढ़ थाना क्षेत्र के पाल्हेंपुर गांव की रहने वाली सुनीता से हुई थी। फौज से रिटायर होने के बाद चेतराम बड़ा चौराहा के स्टेट बैंक में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था।

उसने छह महीने पहले ही बेटी की शादी मेरठ निवासी युवक से की थी। इसके बाद तुलसियापुर में नया घर बनवाया था। चार महीने पहले वह उस घर में शिफ्ट हो गया। यहां वह पत्नी सुनीता और बेटे दीप के साथ रहता था। दीप कक्षा 9 में पढ़ता था। सूत्रों के मुताबिक, घर बनवाने और बेटी की शादी के लिए चेतराम ने 12 लाख रुपए कर्ज लिया था। कर्ज भर नहीं पाया तो दो महीने पहले उसने पिता अयोध्या प्रसाद से जमीन बांटने की बात कही थी। एक महीने पहले पिता ने खेत बेचकर उसे 12 लाख रुपए दिए थे, जिससे उसने कर्ज चुका दिया था। पड़ोसियों ने बताया कि देर रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। सुबह इस घटना की जानकारी हुई।

## झांसी में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हाउस अरेस्ट

**झांसी।** झांसी में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष देशराज रिछारिया को पुलिस ने सोमवार देर रात उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया। वह मंगलवार को लखनऊ में होने वाले कांग्रेस के बड़े प्रदर्शन में शामिल होने के लिए अपने समर्थकों के साथ रवाना होने वाले थे। दरअसल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने मनरेगा में किए गए परिवर्तन को लेकर मंगलवार को लखनऊ में विधानसभा घेराव का ऐलान किया है। इसमें प्रदेश भर से पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होने जा रहे हैं। इसी क्रम में झांसी से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लखनऊ पहुंचने की तैयारी थी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष देशराज रिछारिया ने बताया कि वह रात में अपनी कार से लखनऊ जाने वाले थे, इसके बाद मुंबई-लखनऊ पुष्पक एक्सप्रेस से यात्रा करने की योजना थी। इसी दौरान बीएचईएल स्थित उनके आवास पर पुलिस पहुंची और उन्हें बाहर निकलने से रोक दिया। रात भर उनके घर के बाहर पुलिसकर्मी तैनात रहे। उन्होंने बताया कि न सिर्फ उनके घर बल्कि कॉलोनी के मुख्य गेट पर भी पुलिस का पहरा लगा दिया गया, ताकि वह किसी भी स्थिति में लखनऊ न जा सकें।

# लुटेरों ने बेटे के सामने बाप की हत्या की


## बहू डरकर बेड के नीचे छिपी, श्रावस्ती में घर में घुसकर वारदात

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती में बेटे के सामने बदमाशों ने घर में घुसकर किसान की हत्या कर दी। इसके बाद सोने-चांदी के जेवर लूटकर फरार हो गए। परिवार के मुताबिक, रविवार रात करीब 3 बजे चार नकाबपोश बदमाश घर में घुस आए। आहट सुनकर किसान की आंख खुल गई।

उन्होंने शोर मचाया और बदमाशों से भिड़ गए। आवाज सुनकर बहू और बेटा भी जाग गए। बेटा दौड़कर कमरे में पहुंचा तो बदमाशों ने उसे पकड़ लिया। उसके सामने ही पिता पर चाकू से कई बार वार किए गए। यह देखकर बहू बेड के नीचे छिप गई। चारों बदमाशों के जाने के बाद महिला ने चिल्लाकर आसपास के लोगों को बुलाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। फिलहाल पुलिस गांव के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। घटना हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र की है।

### गांव से बाहर किसान का मकान, घर में सिर्फ 3 लोग

जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर भजोरे पुरवा गांव है।




यहां किसान नेमराज पाठक (49) अपने बेटे सुनील और बहू लक्ष्मी के साथ रहते थे। उनकी पत्नी का पांच साल पहले निधन हो चुका है। नेमराज भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। उनके दूसरे भाई गांव में ही रहते हैं। उन्होंने गांव से बाहर घर बनवा रखा था।

बेटे की शादी करीब दो साल पहले हुई थी।

इधर, हत्या और लूट की सूचना पर एसपी राहुल भाटी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी सबूत जुटाए। एसपी ने बताया कि बेटे की तहरीर पर चार बदमाशों के खिलाफ लूट और हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## शार्ट न्यूज

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह : ललितपुर में ट्रैफिक पुलिस का जागरूकता अभियान



**ललितपुर।** यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह फेज 2 के तहत वाहन चालकों को बिना वैध फिटनेस, बीमा, पीयूसी. बिना नंबर प्लेट/फॉल्टी नंबर प्लेट के विरुद्ध अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह फेज 2 के तहत यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों/आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया, व प्रपत्रों की जांच की गई। नियम विरुद्ध वाहनों का संचालन करने पर 233 वाहनों का एम.वी एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालान किया गया।

### बायोमैट्रिक हाजिरी के बाद ही होगी जयमाला की रस्म

**ललितपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरुरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या/विधवा/परित्यक्ता/तलाकषुदा महिलाओं के सामूहिक विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाली षादियों की तिथि तय कर दी गयी है। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन दिनांक 21.02.2026 को सरदार पटेल एम0एस0डी0 महाविद्यालय मिर्चवारा महरौनी रोड ललितपुर में होना तय हुआ है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब बायोमैट्रिक हाजिरी के बाद ही वर-बधू एक दूसरे को जयमाला पहनाएंगे। योजनान्तर्गत सत्यापन उपरान्त पात्र जोडों को प्रथम आवक, प्रथम पावक सिद्धान्त के आधार पर विकास खण्ड एवं नगर निकायों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। जयमाला से पहले बायोमैट्रिक हाजिरी और फेस आई0डी0 के जरिए सत्यापन अनिवार्य रुप से किया जाएगा। जिसके लिये वर वधू की दो-दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं ओरिजनल अपडेटिड आधार कार्ड मिलान हेतु कार्यक्रम स्थल पर लाना अनिवार्य है।

### मेरठ में पाकिस्तानी महिला अरेस्ट

मेरठ। मेरठ में पिछले 30 सालों से फर्जी तरीके से रहने वाली पाकिस्तानी महिला को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। पूरा मामला मेरठ के थाना देहली गेट क्षेत्र का है। यहां नादिर अली शाह बिल्डिंग में रह रही थी। महिला मूलरूप से पाकिस्तानी है। भारत के मेरठ में 30 सालों से अवैध तरीके से रह रही है। महिला के पास फर्जी वोटर आईडी कार्ड भी मिला है। इतना ही नहीं उसके पास भारत की नागरिकता भी नहीं है। वहीं महिला पर आइएसआइ एजेंट होने, जासूसी करने और गोपनीय जानकारी पहुंचाने का भी आरोप है। मेरठ के देहली गेट के जली कोठी स्थित नादिर अली कोठी निवासी एक महिला व उसकी बेटी पर बिना नागरिकता 30 से मेरठ में रहने का आरोप लगा है। देहली गेट निवासी एक महिला ने एसएसपी व एसपी सिटी को शिकायत कर दोनों पर आइएसआइ के लिए जासूसी करने व गोपनीय जानकारी पहुंचाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। जांच में आरोप सही पाए जाने पर थाना देहली गेट पर महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

### बादशाहपुर दरोगा पर जमीन हथियाने का आरोप

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस अधीक्षक जौनपुर से स्पष्टीकरण के साथ दो हफ्ते में व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने या कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने एस पी से पूछा है कि प्रश्नगत प्लाट जिसकी 3 फरवरी 18 को याची के पक्ष में बैनामा हुआ है, उस पर किसका कब्जा है। क्या बादशाहपुर थाना के पुलिस उपनिरीक्षक वीरेंद्र यादव का निर्माण ढहाकर किसी दूसरे को कब्जा सौंपने में कोई भूमिका रही है और क्या याचिका में जिस निर्माण का फोटो दाखिल किया गया है वह याची की जमीन पर या बगल की जमीन पर है। याची ने पुलिस उपनिरीक्षक पर आरोप लगाया है कि उसने याची का निर्माण ढहाकर विपक्षियों का निर्माण करा रहा है। शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पुलिस के खिलाफ गंभीर आरोप को देखते हुए सत्यापन के लिए कोर्ट ने एस पी से सफाई हलफनामा मांगा है। याचिका की अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन तथा न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने नागेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा व अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।

### मर्जी से शारीरिक संबंध बनाना दुष्कर्म नहीं

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यह कहते हुए कि अगर महिला ने स्वेच्छा से संबंध बनाए हैं तो इसे दुष्कर्म नहीं माना जा सकता है। कोर्ट ने आरोपित नीरज कुमार व अन्य के खिलाफ केस रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा याची ने पीड़िता की कोई फोटो वायरल नहीं की। वाट्सएप चैट में गाइडेंस लेती रही। फोटो वायरल कर ब्लैकमेल करने का आरोप नहीं बनता। न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना की एकलपीठ ने कहा, अगर महिला ने शुरुआत से ही शादी के वादे को झूठा माना था तो उसने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई होती, लेकिन एक साल तीन महीने तक ऐसी शिकायत नहीं की। यह इस बात का संकेत है कि उसने स्वेच्छा से संबंध बनाए थे। पीड़िता के बयान में विरोधाभास है। पहले उसने कहा है कि आरोपित के साथ संबंध बनाए थे, लेकिन बाद में उसने कहा कि उसने दबाव में आकर संबंध बनाए थे। यह समझना मुश्किल है कि एक विवाहित महिला इतने लंबे समय तक आरोपित के साथ संबंध कैसे बना सकती है, अगर वह वास्तव में दबाव में थी।

### 42 साल पहले डकैती के तीन जीवित आरोपी बरी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चार दशक से अधिक समय से लंबित वर्ष 1983 के एक आपराधिक अपील में फैसला सुनाते हुए तीन जीवित आरोपियों को डकैती के अपराध से बरी कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना ने दिया। कोर्ट ने सबूतों में विरोधाभास, साक्ष्यों की कमजोरी और पुलिस विवेचना की खामियों के आधार पर सत्र अदालत की सजा रद्द कर दी। बदायूं के उझानी थाना क्षेत्र में 26/27 जुलाई 1982 की रात धनपाल के घर डकैती पड़ी। आरोप था कि गांव के ही सात लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की और करीब 3,000 रुपये नकद व चांदी के जेवरात लूट लिए। विशेष सत्र न्यायाधीश, बदायूं ने 29 अगस्त 1983 को सभी सात आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 5 से 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट में अपील लंबित रहने के दौरान चार आरोपियों की मृत्यु हो गई, जिसके बाद उनके खिलाफ कार्यवाही समाप्त कर दी गई। शेष तीन—अली हसन, हरपाल और लतूरी —अब 70 वर्ष से अधिक आयु के हैं, जीवित बचे हैं।

### पत्नी की हत्या कर शव जलाया

**अलीगढ़।** अलीगढ़ पत्नी की हत्या कर शव जलाने साक्ष्य मिटाने के लिए शव को जलाने की कोशिश की गई। हत्या की जानकारी पर पहुंचे महिला के भाइयों और परिजन ने पुलिस को सूचना दी। रविवार देर रात भाइयों ने पुलिस की मदद से चिता से अधजला शव निकाला। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने हत्या का कारण जानने के लिए शव पोस्टमार्टम कराया है। उधर, परिजन ने दहेज और शराब का विरोध करने पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना जवां थाना के लहटोई गांव की है। थाना पाली मुकीमपुर के गांव रामपुर चंदियाना निवासी भुवनेश देवी (27) की शादी चार साल पहले थाना जवां के गांव लहटोई निवासी विनोद कुमार के साथ हुई थी। भुवनेश के पास दो साल की बेटी माही और छह माह का बेटा अरुण है। परिजन का आरोप है कि विनोद कुमार नशे का आदी थी। इसी बात का महिला विरोध करती थी।

# पिकअप की टक्कर से कंबाइन फोरमैन की मौत

## सितारगंज काम पर जाते समय हुआ हादसा, चालक फरार

**पीलीभीत।** मैगलगंज हाईवे पर घुंघचाई श्मशान घाट के पास रविवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार कंबाइन फोरमैन की मौत हो गई। पिकअप की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए शाहजहांपुर जिले के थाना बंडा क्षेत्र के गांव कंधरपुर निवासी बल्देव सिंह (65) को सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि बल्देव सिंह कंबाइन पर फोरमैन थे और रविवार सुबह बाइक से उत्तराखंड के सितारगंज स्थित कंबाइन पर काम करने जा रहे थे। घुंघचाई में श्मशान घाट के समीप पूरनपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सीएचसी पहुंचे मृतक के पिता मेहर सिंह ने बताया कि बल्देव उत्तराखंड के सितारगंज में काम करते थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी रजविंदर कौर और 16 वर्षीय पुत्र रमनदीप सिंह का रो-रोकर बुरा हाल है।

# रेलवे में नौकरी के नाम पर आठ करोड़ की ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## पुलिस कार्रवाई में गिरोह का खुलासा 60 से अधिक लोगों से ठगी, 14 बैंक खाते सीज



**पीलीभीत।** थाना अमरिया पुलिस ने रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। सोमवार को सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल इस घटना का खुलासा किया पुलिस के अनुसार गिरोह ने अब तक करीब आठ करोड़ रुपये की ठगी की है और 60 से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाया।मामले की शुरुआत 16 सितंबर 2025 को हुई, जब ग्राम निवासी एक पीड़ित ने थाना अमरिया में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उससे रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर बड़ी रकम ली गई। शिकायत के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 252/2025 धारा 406, 420, 468, 471 भादवि में दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देश पर टीम गठित कर जांच व गिरफ्तारी अभियान चलाया गया।कार्रवाई के दौरान 1 से 3 फरवरी 2026 के बीच पुलिस ने गिरोह से जुड़े कई आरोपियों कमलेश कुमार, मोहसिन, शोएब, राम यादव, रेखा यादव और निरंजन मिश्रा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पूछताछ के दौरान 23 अन्य पीड़ित भी सामने आए, जिन्होंने सामूहिक रूप से करीब 2.98 करोड़ रुपये की ठगी की जानकारी दी।जांच में सामने आया कि गिरोह का मुख्य सरगना शिवशंकर मिश्रा (निवासी भुज, गुजरात) है, जो 2021 से यह ठगी का नेटवर्क चला रहा था। वह अपने परिजनों के बैंक खातों में पैसे मंगवाता और फर्जी नियुक्ति पत्र देकर लोगों को विश्वास में लेता था। आरोप है कि उसका सहयोगी अरविंद सिंह खुद को रेलवे का बड़ा अधिकारी बताकर लोगों से रकम वसूलता था। शक होने पर वह कुछ रकम वापस कर विश्वास बनाए रखता था।

पुलिस ने अब तक करीब दो लाख रुपये बरामद किए हैं तथा आरोपियों के 14 बैंक खातों को होल्ड कराया है। मुख्य आरोपी शिवशंकर मिश्रा का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिसमें पीलीभीत, बरेली और लखनऊ में दर्ज कई मुकदमे शामिल हैं।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों और ठगी की कुल रकम का पता लगाने के लिए जांच जारी है तथा और गिरफ्तारियां संभव हैं।

# पूरनपुर चीनी मिल का एसडीएम ने किया निरीक्षण

- किसानों से ली तौल व्यवस्था की जानकारी
- समय से जारी हो रहीं गन्ना पर्चियां, अब तक 17 लाख कुंतल गन्ना खरीद
- किसानों को केवल पर्ची अनुसार गन्ना लाने की अपील



पूरनपुर। उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिल यार्ड में मौजूद किसानों से सीधे संवाद कर गन्ना तौल व पर्ची वितरण की स्थिति की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि गन्ना तौल को लेकर किसी प्रकार की समस्या नहीं है और प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है।एसडीएम ने बैलगाड़ी एवं ट्रॉली ग्रॉस कांटे का भी निरीक्षण किया तथा मौके पर उपस्थित किसानों से तौल की पारदर्शिता और पर्ची वितरण के बारे में पूछताछ की। जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने बताया कि किसानों को समय से गन्ना पर्चियां जारी की जा रही हैं और सभी क्रय केंद्रों पर नियमित तौल जारी है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि मिल परिसर में किसानों के बैठने और विश्राम के लिए किसान भवन की व्यवस्था की गई है, जिसमें तख्त और गद्दे उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही पेयजल के लिए नल की सुविधा भी स्थापित है ताकि दूर-दराज से आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।अधिकारियों के अनुसार अब तक चीनी मिल द्वारा लगभग 17 लाख कुंतल गन्ने की खरीद की जा चुकी है। गन्ना क्रय केंद्रों के 12वें पक्ष के 15 कॉलम तक की सभी पर्चियां किसानों को जारी कर दी गई हैं। गेट एवं ऐट-गेट पर जिन किसानों का गन्ना अवशेष है, उन्हें भी क्रमवार पर्चियां प्रदान की जा रही हैं।प्रशासन की ओर से किसानों से अपील की गई है कि वे केवल अपनी पर्ची पर दर्ज किस्म का ही गन्ना लेकर आएं। अगेती किस्म की पर्ची पर सामान्य या रिजेक्ट गन्ना लाने से बचें, ताकि तौल प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो।निरीक्षण के समय मिल के मुख्य अभियंता, मुख्य रसायनविद, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# एएचटीयू की मासिक बैठक में हुयी कई बिन्दुओं पर चर्चा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह की उपस्थिति व पर्यवेक्षण में थाना एएचटी व एसजेपीयू तथा समस्त थानों के बालकल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह फरवरी 2026 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन जनपद ललितपुर स्थिति सभागार कक्ष में आहुत की गयी, जिसमें महिला व बाल सुरक्षा संगठन उ0प्र0 लखनऊ द्वारा जारी SOP, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, SC/ST एक्ट, बाल विवाह मुक्त भारत के बारें में विस्तृत चर्चा की गयी, नारी शक्ति, किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीनतम संशोधन पोस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी व एसबीआर रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पोक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी/ पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई ।

# मिशन शक्ति पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक



**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

## वाराणसी के ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना पर ‘सुप्रीम-स्टे’

वाराणसी। वाराणसी के मोहनसराय में विकसित हो रही ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। चीफ जस्टिस समेत तीन जजों की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के बाद स्टे दे दिया। ट्रांसपोर्ट नगर योजना की जमीन का सीमांकन फिलहाल नहीं कराया जा सकेगा और इसको बढ़ाने की प्रक्रिया भी रुक जाएगी। कोर्ट के इस फैसले वाराणसी विकास प्राधिकरण को तगड़ा झटका लगा है, किसानों को बड़ी राहत मिली है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ट्रांसपोर्ट नगर योजना की जमीन के सीमांकन और पुलिसिया कार्रवाई पर कड़ी टिप्पणी की। इसके साथ अधिग्रहीत जमीन के सीमांकन पर रोक लगा दी गई। साथ ही अगली सुनवाई के दौरान पूरी रिपोर्ट तलब की गई। अधिवक्ता ने बताया कि परियोजना को लेकर विरोध, अफसरों की मनमानी, पुलिस की बर्बरता और जनसमर्थन से जुड़े संबंधित वीडियो, फोटोग्राफ हाईकोर्ट में प्रस्तुत किया गया।

# जिलाधिकारी ने मार्च में ही दलहन क्रय केन्द्र खुलवाने के लिए शासन स्तर पर फोन पर की वार्ता और लिखा पत्र



**ललितपुर।** जनपद के किसानों के हितों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने एक महत्वपूर्ण पहल की है, उन्होंने किसान संगठनों व किसानों की माँग पर दलहन फसलों की शीघ्र खरीद सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से शासन स्तर पर दूरभाष पर सीधे वार्ता की और पत्र लिखा। जिलाधिकारी ने वार्ता के दौरान शासन को अवगत कराया कि जनपद ललितपुर में बड़ी संख्या में किसान आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग से हैं, फसल तैयार होते ही उन्हें घरेलू एवं कृषि सम्बंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु तत्काल धन की जरूरत पड़ती है, ऐसे में यदि क्रय केन्द्र समय पर संचालित न हों तो किसान मजबूरन अपनी उपज को बिचौलियों को ओने-पोने दामों पर बेंच देते हैं। बाद में यही बिचौलिये सरकारी खरीद प्रारंभ होने पर उसी उपज को समर्थन मूल्य पर बेंच कर अनुचित लाभ अर्जित करते हैं, जिससे मूल किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। जिलाधिकारी ने शासन से आग्रह किया कि जनपद की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में मध्य मार्च से पूर्व ही दलहन क्रय केन्द्रों के संचालन की अनुमति प्रदान की जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सीधे किसानों को प्राप्त हो सके और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो।

जिलाधिकारी की इस पहल को शासन स्तर पर सकारात्मक रूप से लिया गया है, सब ठीक रहा तो मार्च में ही क्रय केन्द्र खोले जाने की अनुमति मिल सकती है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा है कि जिला प्रशासन जनपद के किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक पात्र किसानों को उसकी उपज का समर्थन मूल्य समय पर प्राप्त हो तथा किसी भी प्रकार की शोषणकारी गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए।" जनपद के किसान भाईयों से अपील की जाती है कि वे अपनी दलहन उपज को अधिकृत क्रय केन्द्रों पर ही विक्रय करें और किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल जिला प्रशासन को अवगत करायें।

## संक्षिप्त समाचार

### वेनेजुएला में तेल बिक्री एक अरब डॉलर पार, अमेरिका में ही जमा होगी राशि

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने पुष्टि की है कि वेनेजुएला के कच्चे तेल की बिक्री से होने वाली आमदनी अब एक अरब डॉलर से अधिक हो चुकी है और आगे से यह रकम कतर में बनाए गए अस्थायी खाते में नहीं, बल्कि सीधे अमेरिका के ट्रेजरी डिपार्टमेंट द्वारा नियंत्रित खाते में जमा की जाएगी। यह बदलाव ऐसे समय आया है, जब ट्रंप प्रशासन ने एक सैन्य कार्रवाई में पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद वेनेजुएला की तेल बिक्री पर सीधा नियंत्रण कर लिया है। क्रिस राइट ने एक साक्षात्कार में बताया कि शुरुआत में लगभग 500 मिलियन डॉलर की तेल बिक्री राशि कतर में खोले गए एक खाते में जमा की गई थी, जिस पर पूरे समय अमेरिकी सरकार का नियंत्रण था। डेमोक्रेट सांसदों ने पूरी व्यवस्था की पारदर्शिता और वैधता पर सवाल उठाए हैं। सीनेटर चक शूमर (डी-न्यूयॉर्क) और एडम शिफ (डी-कैलिफोर्निया) ने गुरुवार को ऐसा कानून पेश किया है, जिसके तहत गवर्नमेंट अकाउंटेबिलिटी ऑफिस को कतर खाते का स्वतंत्र ऑडिट करने का निर्देश दिया जाएगा। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार, शुक्रवार को प्रशांत महासागर में स्थित वानुअतु के उत्तरी तट पर 6.32 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किमी की गहराई पर था। शक्तिशाली झटकों के बावजूद, प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने राहत की खबर दी कि इस भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं है। भूकंप के कारण किसी भी जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। वानुअतु रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में स्थित है।

### इंडोनेशिया में 23 फीट का दुनिया का सबसे लंबा सांप, वजन 213 पाउंड, इंसान पर हमले के मामले दुर्लभ

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में मिले एक विशालकाय मादा रेटिकुलेटेड पाइथन ने वन्यजीव विज्ञान की दुनिया में नया अध्याय जोड़ दिया है। इस सांप का नाम रखा गया है इबु बैरोन, जिसका स्थानीय अर्थ भव्य या महारानी जैसी मादा माना जाता है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने इसे आधिकारिक तौर पर दुनिया की अब तक सत्यापित रूप से मापा गया सबसे लंबा जंगली सांप घोषित किया है। इसकी लंबाई 23 फीट 8 इंच और वजन 213 पाउंड दर्ज किया गया है। नेशनल ज्योग्राफिक की रिपोर्ट के अनुसार इस ऐतिहासिक खोज के पीछे हैं खोजकर्ता और नेचुरल हिस्ट्री फोटोग्राफर राडू फ्रेंतिउ, जो पिछले दो दशकों से बाली में रह रहे हैं। बड़े सांपों से उनका पहले भी सामना होता रहा है, लेकिन इबु बैरोन ने उन्हें भी स्तब्ध कर दिया। उन्होंने कहा मैंने अपने जीवन में इतना बड़ा सांप कभी नहीं देखा। यह सांप आसानी से एक बछड़े को बल्कि शायद एक वयस्क गाय को भी निगल सकता है। पूरे इंडोनेशिया में जंगल कटने और शिकार घटने से बड़े सांप इंसानी इलाकों के करीब आ रहे हैं। रेटिकुलेटेड पाइथन जहरीले नहीं होते, लेकिन उनकी ताकत उन्हें खतरनाक शिकारी बना देती है। वे मवेशियों को मार सकते हैं और दुर्लभ मामलों में इंसानों पर भी हमला कर चुके हैं। डर के चलते इन्हें अक्सर मार दिया जाता है। स्थानीय संरक्षणवादी बुडी पुरवांतो ने खबर फैलते ही इबु बैरोन को बिकने या मारे जाने से बचाया और अपनी जमीन पर अस्थायी शेल्टर बनाया। फिलहाल वह वहां अन्य बचाए गए सांपों के साथ रह रही है। उसे जंगल में वापस छोड़ना जोखिम भरा माना गया, क्योंकि बड़े शिकार अब दुर्लभ हैं।

### युवराज पहलवी की अपील पर म्यूनिख में जुटे 2.5 लाख लोग, ईरान पर बढ़ रहा चौतरफा दबाव

**म्यूनिख, एजेंसी।** जर्मनी के म्यूनिख शहर में चल रहे सुरक्षा सम्मेलन के दौरान ईरान की सरकार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन हुआ। पुलिस के मुताबिक, इस विरोध प्रदर्शन में करीब 2,50,000 लोग शामिल हुए। यह रैली ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी की उस अपील का नतीजा थी, जिसमें उन्होंने तेहरान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाने की मांग की थी। म्यूनिख की सड़कों पर प्रदर्शनकारियों ने ढोल बजाकर और सरकार बदलने के नारे लगाकर विरोध किया। यह प्रदर्शन पहलवी के 'ग्लोबल डे ऑफ एक्शन' का हिस्सा था, जिसका मकसद ईरान में हो रहे विरोध प्रदर्शनों को अंतरराष्ट्रीय समर्थन दिलाना है। ऐसी ही रैलियों की अपील लॉस एंजिल्स और टोरंटो में भी की गई थी। प्रदर्शन में लोग 1979 की क्रांति से पहले वाले ईरान के झंडे लहरा रहे थे, जिन पर शेर और सूरज के निशान बने थे। एक मीडिया वार्ता में रेजा पहलवी ने चेतावनी दी कि अगर दुनिया के लोकतांत्रिक देश ईरान में हो रहे दमन पर चुप रहे, तो वहां और भी मौतें होंगी। उन्होंने सवाल किया कि क्या इस खतरे के समय में दुनिया ईरान के लोगों के साथ खड़ी होगी? उन्होंने कहा कि अगर ईरानी सरकार टिकी रहती है, तो यह दुनिया के हर तानाशाह को संदेश देगा कि लोगों को मारकर सत्ता बचाई जा सकती है।

# आरोप- पुतिन ने अपने विरोधी को एपिबैटिडीन जहर देकर मारा

## इससे पहले लकवा फिर दर्दनाक मौत होती है, दक्षिण अमेरिकी मेंढक में मिलता है

**मॉस्को, एजेंसी।** यूरोप के पांच देशों ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर उनके विरोधी एलेक्सी नवलनी को 'एपिबैटिडीन जहर' देकर मारने का आरोप लगाया है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और नीदरलैंड ने कहा है कि यूरोप की लैब में नवलनी के शरीर के नमूनों की जांच में एपिबैटिडीन पाया गया। ये जहर रूस में प्राकृतिक रूप से नहीं मिलता। इन देशों ने कहा कि रूस के पास यह जहर देने के साधन, मकसद और मौका तीनों थे। उन्होंने रूस के खिलाफ केमिकल वेपन्स कन्वेंशन के उल्लंघन की शिकायत करने की बात कही है। नेशनल ज्योग्राफिक के मुताबिक, ये जहर दक्षिण अमेरिका में पाए जाने वाले जहरीले डार्ट मेंढकों की त्वचा में मिलता है। यह जहर पहले शरीर को लकवाग्रस्त करता है, फिर सांस लेने में दिक्कत पैदा करता है और आखिर में दर्दनाक मौत हो सकती है।

**एक डार्ट मेंढक का जहर 10 लोगों को मार सकता है :** डार्ट मेंढक करीब दो इंच लंबे होते हैं, लेकिन उनके शरीर में इतना जहर होता है कि वह लगभग 10 वयस्क लोगों को मार सकता है। इन मेंढकों की त्वचा से निकाले जाने वाले जहर को एपिबैटिडीन कहा जाता है। यह एक न्यूरोटॉक्सिन है, यानी ऐसा जहर जो सीधे नर्व सिस्टम पर असर करता है।



इसे एक रासायनिक हथियार के रूप में भी जाना जाता है। डार्ट मेंढक का जहर धरती के सबसे घातक जहरों में गिना जाता है। यह मॉर्फीन से लगभग 200 गुना ज्यादा ताकतवर है। इससे शरीर को लकवा मार सकता है, सांस लेने में गंभीर दिक्कत पैदा हो सकती है और दर्दनाक मौत होती है। वैसे तो एपिबैटिडीन मेंढकों में प्राकृतिक रूप से मिलता है, लेकिन इसे लैब में भी बनाया जा सकता है। यूरोपीय वैज्ञानिकों को शक है कि इस मामले में इसे लैब में तैयार किया गया था।

**नवलनी आर्कटिक की जेल में सजा कर रहे थे :** नवलनी की 16 फरवरी 2024 को आर्कटिक की एक जेल में मौत हो गई थी, वो यहां 19 साल की सजा काट रहे थे। वे सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते थे और विरोध प्रदर्शन करते थे। ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर ने कहा कि रूस नवलनी को खतरे के रूप में देखता था और इस तरह का जहर इस्तेमाल कर उसने दिखाया कि वह राजनीतिक विरोध से कितना डरता है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरो ने कहा कि यह घटना दिखाती है कि पुतिन सत्ता में बने रहने के लिए बायोलॉजिकल हथियार तक इस्तेमाल करने को तैयार हैं। नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया ने कहा कि उन्हें पहले दिन से यकीन था कि उनके पति को जहर दिया गया था और अब इसका सबूत मिल गया है। उन्होंने पुतिन को हत्यारा बताते हुए जवाबदेह ठहराने की मांग की। वहीं रूसी अधिकारियों का कहना है कि नवलनी टहलने के बाद बीमार पड़े और उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भी इन आरोपों को खारिज किया है।

**नवलनी को पहले भी जेल जहर देने की कोशिश हुई थी :** नवलनी पहले भी 2020 में जहर देने की कोशिश की गई थी। उस वक्त उन्हें 'नोविचोक' नाम का नर्व एजेंट दिया गया था। उन्होंने इसका आरोप क्रेमलिन पर लगाया था, लेकिन रूस ने इससे इनकार किया था। इलाज के लिए उन्हें जर्मनी ले जाया गया था। ठीक होने के बाद जब वे रूस लौटे तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और अपनी जिंदगी के आखिरी तीन साल जेल में बिताए। ब्रिटेन पहले भी रूस पर ऐसे हमलों का आरोप लगाता रहा है। 2018 में इंग्लैंड के सैलिस्बरी शहर में पूर्व रूसी एजेंट सर्गेई स्क्रिपल पर 'नोविचोक' नर्व एजेंट से हमला हुआ था। वे और उनकी बेटी गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। एक ब्रिटिश महिला डॉन स्टर्जेस की भी मौत हो गई थी। ब्रिटेन की जांच में कहा गया था कि इस हमले को हाई लेवल से मंजूरी मिली होगी। इसी तरह 2006 में लंदन में पूर्व रूसी एजेंट अलेक्जेंडर लिट्विनेंको की रेडियोएक्टिव पदार्थ पोलोनियम-210 से मौत हुई थी।

# चीन का बड़ा कदम, 53 अफ्रीकी देशों पर मई 2026 से किया जीरो टैरिफ

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने घोषणा की है कि वह 1 मई 2026 से अपने साथ राजनयिक संबंध रखने वाले 53 अफ्रीकी देशों से होने वाले आयात पर जीरो टैरिफ लागू करेगा। सरकारी मीडिया के अनुसार यह कदम अफ्रीका के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और महाद्वीप में अपनी वरीयतापूर्ण व्यापार व्यवस्था का विस्तार करने के मकसद से उठाया गया है। अब तक चीन 33 अफ्रीकी अल्प-विकसित देशों (एलडीसी) के 97 से 98 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर शुल्क-मुक्त पहुंच देता था, जिसे 2024 में सभी उत्पादों तक विस्तारित किया गया। नया फैसला लगभग पूरे अफ्रीका पर लागू होगा। केवल इस्वातिनी को इससे बाहर रखा गया है, क्योंकि उसके ताइवान के साथ राजनयिक संबंध हैं। यह कदम ऐसे समय में आया है जब अमेरिका के अफ्रीकन ग्रोथ एंड ऑपर्च्युनिटी एक्ट के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और यूरोपीय संघ के साथ आर्थिक साझेदारी समझौतों पर तनाव जारी है।

**दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा ने की थी चीन यात्रा :** हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने चीन की यात्रा कर व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के व्यापार मंत्री पार्क्स टाउ और चीन



के वाणिज्य मंत्री वांग वेंटाओ के बीच एक गैर-बाध्यकारी रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर हुए। मार्च 2026 तक 'अर्ली हार्वेस्ट एग्रीमेंट' को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है, जिससे दक्षिण अफ्रीकी निर्यात को चीनी बाजार में शून्य-शुल्क पहुंच मिलेगी। जनवरी से अगस्त 2025 के बीच चीन-अफ्रीका व्यापार 15.4 प्रतिशत बढ़कर 222.05 अरब डॉलर पहुंच गया। इस दौरान चीन का अफ्रीका को निर्यात 24.7 प्रतिशत बढ़कर 140.79 अरब डॉलर रहा, जबकि अफ्रीका से आयात केवल 2.3 प्रतिशत बढ़कर 81.25 अरब डॉलर हुआ। परिणामस्वरूप 2025 के पहले आठ महीनों में अफ्रीका का व्यापार घाटा 59.55 अरब डॉलर तक पहुंच गया। अफ्रीका मुख्यतः कच्चे तेल, तांबा, कोबाल्ट और लौह अयस्क जैसे कच्चे संसाधनों का निर्यात करता है, जुलाई 2024 से जून 2025 के बीच अफ्रीका ने चीन से 15,032 मेगावाट सौर पैनल आयात किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक है।

# अल-फाशेर में तीन दिन तक हिंसा में मारे गए 6000 से अधिक लोग, अर्धसैनिक बल ने किए अत्याचार: यूएन की रिपोर्ट

**काहिरा, एजेंसी।** सूडान के दारफुर क्षेत्र में एक अर्धसैनिक समूह ने अक्तूबर के अंत में तीन दिनों तक अत्यधिक हिंसा की। इसकी भयावहता और क्रूरता हैरान करने वाली थी। इस हिंसा में छह हजार से अधिक लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने यह जानकारी दी है। यूएन का कहना है कि सूडान के अल-फाशेर में रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) के हमले में तीन दिनों में कम से कम छह हजार लोग मारे गए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने शुक्रवार को रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में कहा गया कि अल-फाशेर शहर पर कब्जा करने के लिए हमले में आरएसएफ बड़े पैमाने पर ऐसे अत्याचारों में शामिल था, जो युद्ध और मानवता के खिलाफ अपराधों की श्रेणी में आते हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने कहा, अल-फाशेर पर आखिरी हमले में आरएसएफ और उसके सहयोगी अरब मिलिशिया की ओर से किए गए मनमाने अपरा दिखाते हैं कि अपराध के लिए सजा न देने से हिंसा के निरंतर चक्र को बढ़ावा मिलता है। अपराधियों को सजा न मिलने हिंसा को मिल रहा बढ़ावा आरएसएफ और उसके



सहयोगी अरब समूहों ने 26 अक्तूबर को अल-फाशेर पर कब्जा कर लिया था। इन अरब समूहों को जनजावीद कहा जाता है। अल-फाशेर दारफुर में सूडानी सेना का आखिरी किला था। 18 महीनों की घेराबंदी के बाद आरएसएफ ने शहर और आसपास के इलाकों में लूटपाट की और जमकर हिंसा फैलाई। रिपोर्ट में सामूहिक हत्या और यौन हिंसा जैसे गंभीर अपराध का जिक्र संयुक्त राष्ट्र की 29 पन्नों की रिपोर्ट में कई खौफनाक अपराधों का विवरण दिया गया। इसमें सामूहिक हत्या, तुरंत फांसी, यौन हिंसा, फिरौती के लिए अपहरण, यातना और दुर्व्यवहार, हिरासत और गुमशुदगी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि कई मामलों में ये हमले नस्ल या समुदाय के आधार पर किए गए थे। आरएसएफ ने इस मामले में ईमेल के जरिये पूछे गए सवालों का कोई जवाब नहीं दिया।

# मादुरो को पकड़ने के लिए अमेरिका ने एआई का किया था इस्तेमाल, रिपोर्ट में दावा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए एआई का इस्तेमाल किया था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एंथ्रॉपिक पहला एआई मॉडल डेवलपर था जो गुप्त संचालन के लिए पेंटागन में इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए एआई का इस्तेमाल किया था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एंथ्रॉपिक पहला एआई मॉडल डेवलपर था जो गुप्त संचालन के लिए पेंटागन में इस्तेमाल किया गया। सेना द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल, एआई कंपनियों के लिए बड़ी साख बढ़ाने वाला माना जाता है। हालांकि एंथ्रॉपिक के दिशा-निर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हिंसा को



बढ़ावा देने, हथियार विकसित करने या निगरानी करने में इसका इस्तेमाल न किया जाए। इसके बावजूद इस ऑपरेशन में उपयोग किया गया। गौरतलब है कि मादुरो और उनकी पत्नी को कराकस से गिरफ्तार किया गया था। इस ऑपरेशन कई जगहों पर बमबारी के बाद अंजाम दिया गया। एंथ्रॉपिक के प्रवक्ता ने बताया कि 'क्लॉड का कोई भी इस्तेमाल, चाहे वह निजी क्षेत्र में हो या सरकार द्वारा हो, हमारी नीतियों के अनुसार होना चाहिए। हमारी नीतियां स्पष्ट हैं कि क्लॉड का उपयोग कैसे किया जा सकता है। हम अपने साझेदारों के साथ मिलकर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए काम करते हैं।' क्लॉड को तैनात किया गया क्योंकि पेंटागन द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों की डेटा कंपनी पेलान्टिर टेक्नोलॉजीज का एंथ्रॉपिक के साथ साझेदारी है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक क्लॉड के उपयोग को लेकर एंथ्रॉपिक की चिंताओं के बाद अमेरिकी अधिकारी बड़ा फैसला ले सकते हैं। एंथ्रॉपिक के बयान के बाद अमेरिकी अधिकारी 200 मिलियन डॉलर तक के अनुबंध रद्द करने पर विचार कर रहे हैं। एंथ्रॉपिक के चीफ एग्जीक्यूटिव डारिओ अमोडेई ने कहाकि एआई के इस्तेमाल में नियम-निर्देशों का सख्ती से पालन होना चाहिए। ताकि एआई से किसी तरह का नुकसान न हो। एंथ्रॉपिक कंपनी के अधिकारियों द्वारा जारी बयानों ने पेंटागन के साथ कांट्रैक्ट की राह में बाधा खड़ी कर दी है। रक्षा सचिव पीट हेगसेठ ने जनवरी में कहा था कि पेंटागन उन एआई मॉडल्स के साथ कोलैबोरेट नहीं करेगा, जो युद्ध लड़ने की अनुमति नहीं देते। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने एंथ्रॉपिक की चर्चाओं का हवाला देते हुए यह बात कही थी।

# 'भारत सफल उभरती अर्थव्यवस्था', संयुक्त राष्ट्र प्रमुख बोले-AI शिखर सम्मेलन के लिए सबसे सही जगह

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत की सराहना करते देश को एक बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था करार दिया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि वैश्विक मामलों में भारत का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। इसलिए एआई पर होने वाला आगामी शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए भारत सबसे सही स्थान है। दरअसल, भारत-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष साक्षात्कार में गुटेरेस ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से पूरी दुनिया को फायदा होना चाहिए और यह सिर्फ विकसित देशों या दो महाशक्तियों के लिए आरक्षित विशेषाधिकार नहीं बनना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने कहा है कि भारत वैश्विक मामलों में अधिक प्रभाव रखने वाली एक 'बेहद सफल' उभरती हुई अर्थव्यवस्था है और एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए सही जगह है। इंटरव्यू के दौरान एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, 'मैं इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत को हार्दिक बधाई देता हूं। यह अत्यंत आवश्यक है कि एआई का विकास हर किसी के लाभ के लिए हो और वैश्विक दक्षिण के देश भी एआई के लाभों का हिस्सा बनें।' बता दें कि 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला यह उच्च स्तरीय कार्यक्रम ग्लोबल साउथ (वैश्विक दक्षिण) में आयोजित होने वाला पहला एआई शिखर सम्मेलन होगा और यह 'लोग, ग्रह और प्रगति' के तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है। गुटेरेस, जो एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा करेंगे, उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पूरी तरह से अस्वीकार्य होगा कि एआई केवल सबसे विकसित देशों का विशेषाधिकार हो या केवल दो महाशक्तियों के बीच का विभाजन हो, जो स्पष्ट रूप से उनका अमेरिका और चीन की तरफ इशारा था। गुटेरेस ने कहा कि यह बिल्कुल आवश्यक है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव जाति के लाभ के लिए एक सार्वभौमिक उपकरण बनाया जाए।

**एआई महाशक्तियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए :** गुटेरेस ने स्पष्ट किया कि एआई केवल सबसे विकसित देशों द्वारा नियंत्रित या दो वैश्विक महाशक्तियों के प्रभुत्व वाला उपकरण नहीं बनना चाहिए। सीधे तौर पर नाम लिए बिना, उन्होंने अमेरिका और चीन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एआई के लाभ कुछ ही देशों तक सीमित रहना अस्वीकार्य होगा। इसके बजाय, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक दक्षिण के देशों को भी इस शक्तिशाली तकनीक के लाभों में हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। उनके अनुसार, एआई एक सार्वभौमिक उपकरण बनना चाहिए जो विश्व स्तर पर विकास, नवाचार और प्रगति का समर्थन करे।

**भारत-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 :** 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला यह उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन वैश्विक दक्षिण में आयोजित होने वाला पहला एआई शिखर सम्मेलन होगा। इस आयोजन का मुख्य विषय होगाः लोग, ग्रह और प्रगति। विश्व के कई प्रमुख नेता और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अधिकारी इसमें शामिल होने की उम्मीद है, जिनमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा, गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण और एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई शामिल हैं। गुटेरेस स्वयं चर्चाओं में भाग लेने के लिए नई दिल्ली की यात्रा करेंगे।

# अमेरिका में लापता हुए भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया की मौत, 6 दिन बाद पाया गया शव

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के बर्कली में लापता हुए भारतीय छात्र का 6 दिन बाद शव पाया गया है। 22 साल के साकेत श्रीनिवासैया यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफॉर्निया में पोस्ट ग्रैजुएशन के छात्र थे और वह अचानक 9 फरवरी को लापता हो गए थे। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय कॉन्सुलेट ने उनके शव के पाए जाने की पुष्टि की है। मिशन की तरफ से कहा गया. हमें बेहद दुख है कि पुलिस ने बताया है कि साकेत श्रीनिवासैया की मौत हो गई है और उनका शव पाया गया है। हम साकेत के परिवार वालों के लिए संवेदना व्यक्त करते हैं। भारतीय मिशन ने कहा, हम साकेत के परिवार की हर संभव मदद करने को तैयार हैं। स्थानीय प्रशासन के साथ तालमेल के जरिए हम साकेत के पार्थिव शरीर को भारत भिजवाने का प्रबंध कर रहेहैं। हमारा कार्यालय परिवार के साथ सीधे संपर्क में है और सभी औपचारिकताओं के लिए भी हम परिवार के साथ खड़े हैं।

**कहां से लापता हो गए थे साकेत :** जानकारी के मुताबिक साकेत आखिरी बार बर्कली हिल्स इलाके में देखे गए थे। वह अंजा लेक के पास गए थे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक उनका पासपोर्ट और लैपटॉप पास में ही पाया गया है। कर्नाटक के रहने वाले श्रीनिवासैया ने आईआईटी मद्रास से बीडटेक किया था और आगे की पढ़ाई के लिए वह अमेरिका गए थे। 2025 में ही उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफॉर्निया में ऐडमिशन लिया था। 13 फरवरी को कर्नाटक सरकार की मुख्य सचिव ने विदेश



सचिव विक्रम मिसरी को पत्र लिखा था। इसमें कहा गया है कि साकेत के परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, बर्कले पुलिस विभाग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराए जाने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका है। स्थिति की गंभीरता और राज्य में रह रहे उनके परिवार की बढ़ती चिंता को देखते हुए, शालिनी ने विदेश मंत्रालय से इस मामले में हस्तक्षेप और सहायता का अनुरोध किया था। साकेत के रूममेट ने ही सबसे पहले उनके गायब होने की बात सोशल मीडिया पर बताई थी और पुलिस से मदद मांगी थी। साकेत के कमरे में साथ रहने वाले बिनीत सिंह ने कहा कि इस घटना से यहां रहने वाला हर भारतीय स्तब्ध है। उन्होंने कहा, हम प्रशासन के साथ मिलकर साकेत के परिवार को इमर्जेंसी वीजा पर अमेरिका बुलाने का प्रयास कर रहे हैं। बिनीत ने कहा कि 9 फरवरी को लापता होने से पहले साकेत ज्यादा कुछ खाते-पीते नहीं थे। वह अकसर चिप्स खाकर ही रह जाते थे। हालांकि इसके अलावा उनके चहरे पर कोई तनाव नहीं दिखता था। उन्होंने कहा कि 21 जनवरी को भी श्रीनिवासैया ने उन्हें झील के किनारे बुलाया था।

# बांग्लादेश में नए पीएम का शपथ ग्रहण, भारत के अलावा 12 देशों को भी भेजा गया है न्योता

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के आम चुनवाों में बीएनपी को बड़ी जीत मिलने के बाद प्रधानमंत्री समेत पूरे मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण 17 फरवरी को होने जा रहा है। इस समारोह का दिलचस्प पहलू यह है कि यह राष्ट्रीय संसद परिसर के साउथ प्लाजा में आयोजित किया जा रहा है जबकि अभी तक शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित होते रहे हैं। समाचारपत्र 'प्रोथोम आलो' और 'इत्तेफाक' में प्रकाशित खबर के अनुसार, समारोह के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन नव-निर्वाचित सांसदों को पद की शपथ दिलाएंगे, जबकि संविधान के अनुसार यह शपथ अध्यक्ष शिरीन शरमिन चौधरी द्वारा दिलाई जानी चाहिए।

**इन देशों को भेजा गया है न्योता :** बांग्लादेश में प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत-पाकिस्तान समेत 13 देशों को न्योता भेजा गया है। इनमें चीन, सऊदी अरब, तुर्की, यूएई, कतर, मलेशिया, ब्रुनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और भूटान शामिल हैं। बीएनपी चीफ तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। बता दें कि बांग्लादेश ने भारत को न्योता भेजा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ढाका जाना असंभव ही है। 17 तारीख को ही प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पूर्व निर्धारित बैठक होने वाली है। ऐसे में किसी प्रतिनिधि को ढाका भेजा जा सकता है।

**पीएम मोदी का ढाका जाना मुश्किल :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तारिक रहमान को सबसे पहले बधाई देने वाले नेताओं में शामिल थे। उनके संदेश के बाद बीएनपी ने कहा, 'बांग्लादेश अपने सभी नागरिकों के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों, समावेशिता और प्रगतिशील विकास को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम आपसी सम्मान, एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति



संवेदनशीलता और अपने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के प्रति साझा प्रतिबद्धता के मार्गदर्शन में, भारत के साथ रचनात्मक रूप से जुड़कर अपने बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।'

**शपथ ग्रहण के दौरान कई चुनौतियां :** तारिक रहमान के एक प्रमुख सहयोगी ने नाम न उजागर की शर्त पर बताया कि मौजूदा परिस्थितियों ने मामलों को थोड़ा जटिल बना दिया है। उन्होंने कहा, '' पिछली संसद की अध्यक्ष को सांसदों को शपथ दिलानी होती है, लेकिन उन्होंने इस्तीफा दे दिया है और अज्ञात स्थान पर रह रही हैं, जबकि उपाध्यक्ष जेल में हैं। इन परिस्थितियों में राष्ट्रपति संविधान में तय प्रावधान के अनुसार किसी और को शपथ दिलाने के लिए चुन सकते हैं।'' इससे पहले, कैबिनेट सचिव शेख अब्दुर राशिद ने कहा था कि संविधान के अनुरूप राष्ट्रपति नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे, लेकिन उन्होंने समारोह की तारीख नहीं बताई।

बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच 13वें संसदीय चुनाव को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा था। अगस्त 2024 में छात्रों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के बाद 15 वर्ष से अधिक समय तक शासन करने वालीं शेख हसीना को सत्ता छोड़कर भारत भागना पड़ा था, जिसके बाद अल्पसंख्यकों पर व्यापक हमले भी हुए थे।

# टी20 वर्ल्ड कप: कोलकाता में बड़ा उलटफेर होते-होते बचा, इटली से हांफते हुए जीती इंग्लैंड , सुपर 8 में एंट्री

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में खेले गए टी20 विश्व कप मुकाबले में इंग्लैंड से व्यापक रूप से यह उम्मीद की जा रही थी कि वह इटली को आसानी से हरा देगी। इटली अपने पहले टी20 विश्व कप में खेल रही थी, इसलिए ज्यादातर लोगों को कम से कम एक प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन की ही उम्मीद थी। हालांकि, हैरी मैनेंटी की अगुवाई वाली टीम के इरादे कहीं बड़े थे। नेपाल पर 10 विकेट की शानदार जीत के बाद, इटली ने इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी और इतिहास रचने के बेहद करीब पहुंच गई, लेकिन अंततः 24 रनों से हार गई।

हैरी ब्रूक की अगुवाई वाली इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और यूरोपीय टीम के सामने 203 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा। उन्होंने सफलतापूर्वक लक्ष्य का बचाव किया और मैच जीत लिया। फिल साल्ट (15 गेंदों में 28 रन) ने तूफानी शुरुआत दी, लेकिन जोस बटलर रन बनाने में नाकाम रहे और ग्रांट स्टीवर्ट के हाथों अपना विकेट गंवाने से पहले सिर्फ तीन रन ही बना पाए। जैकब बेथेल (20 गेंदों में 23 रन) और टॉम बैंटन (21 गेंदों में 30 रन) ने बल्ले से अच्छा योगदान दिया। सैम कुरेन ने दो छक्के लगाकर 25 रन बनाए।

सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए विल जैक्स ने सिर्फ 22 गेंदों में नाबाद 53 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड 200 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रहा। स्टीवर्ट और कृष्ण कलुगामेज ने दो-दो विकेट लिए, जबकि जेजे स्मट्स, अली हसन और बेन मैनेंटी ने एक-एक विकेट साझा किया। 203 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए, इटली को पहले ही ओवर में दो विकेट का झटका लगा जब जोफ्रा आर्चर ने एंथनी मोस्का और जेजे स्मट्स को शून्य पर आउट कर दिया।

इटली के कप्तान हैरी मैनेंटी ने 11 गेंदों में मात्र 12 रन बनाए और जेमी ओवरटन के हाथों अपना विकेट गंवा दिया। उनके भाई बेन मैनेंटी (25 गेंदों में 60 रन, जिसमें चार चौके और छह छक्के शामिल थे) ने जस्टिन मोस्का (32 गेंदों में 43 रन, जिसमें सात चौके शामिल थे) के साथ चौथे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी की। स्टीवर्ट की 23 गेंदों में खेली गई 45 रनों की तेज पारी ने इटली को मैच में बनाए रखा, लेकिन इंग्लैंड ने डेथ ओवरों में शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए उन्हें 20 ओवरों




में 178 रनों पर रोक दिया। विल जैक्स को उनके मैच-विनिंग प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इटली गुरुवार को इसी मैदान पर वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच खेलेगी।

## रोहित और अकरम गर्मजोशी से मिले, सोशल मीडिया में आई तस्वीरें



**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को हुए टी20 विश्वकप मुकाबले में जहां भारतीय टीम ने पाक खिलाड़ियों से दूरी बनाये रखी। वहीं भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और पाक के पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम गर्मजोशी से मिले। इस दोनों के बीच काफी अच्छी कैमेस्ट्री नजर आयी। ये दोनो ही गले मिलते देखे गये। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। रोहित और अकरम को मैच से पहले बातचीत करते, हाथ मिलाते और गले लगते देखा गया। रोहित आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर कोलंबो पहुंचे थे जबकि अकरम कमेंटेटर के रुप में यहां आये है। रोहित भारतीय टीम के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से भी मिले और उनसे हाथ मिलाया और शुभकामनाएं दीं।

भारत-पाक मैच से पहले रोहित और अकरम आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता के साथ मिलकर टी20 विश्व कप की ट्रॉफी मैदान पर लेकर पहुंचे। इससे पहले दोनों ने दोस्ताना अंदाज में बातचीत की, फोटो खिंचवाई और एक-दूसरे को गले भी लगाया। प्रशंसकों ने इन दोनो दिग्गजों की इस मुलाकात को बेहद पसंद किया है। सोशल मीडिया पर इसको लेकर भी प्रतिक्रियाएं आयी हैं। इस मैच में भारतीय टीम ने पाक को आसानी से हरा दिया। इस प्रकार भारतीय टीम ने आठवीं बार पाक को हराया।

## टी20 विश्वकप : अफगानिस्तान ने यूएई को पांच विकेट से हराकर सुपर आठ की उम्मीदें बनाये रखीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान ने आईसीसी टी20 विश्वकप के ग्रुप डी के मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को पांच विकेट से हरा दिया। ये अफगान टीम की इस टूर्नामेंट में पहली जीत है। इस मैच में अफगान टीम ने टॉस जीतकर यूएई को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। यूएई ने सोहैब खान 68 और अलीशान शराफू 40 के अच्छे प्रदर्शन से 20 ओवर में 9 विकेट पर 160 रन बनाये। इसके बाद अफगान टीम ने जीत के लिए मिले 161 रनों के लक्ष्य को पांच विकेट खोकर 19.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। यूएई की ओर से मोहम्मद अरफान और जुनैद सिद्दीकी ने 2-2 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी रही। इब्राहित जादरान 53 ने अच्छी बल्लेबाजी की। वहीं अजमतुल्लाह ओमारजाई 40 रन ने विजयी शॉट लगाया। इस जीत से अफगान टीम के सुपर 8 में पहुंचने की संभावनाएं बरकरार हैं। अब उसे अंतिम लीग मुकाबले में कनाडा को हराना होगा। इस मैच में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान ने अपना 700 विकेट भी लिया। अब व इस फॉर्मेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए। राशिद ने मुहम्मद अरफान को आउट करने के साथ ही अपना 700वां विकेट लिया।।

टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट के मामले में वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर डवेन ब्रावो के नाम 631 विकेट जबकि सुनील नरेन के नाम 613 विकेट हैं।

# टी20 विश्कप के सुपर आठ में पहुंची भारत और वेस्टइंडीज, तीन टीमें बाहर हुईं

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत सहित दो टीमें आईसीसी टी20 विश्वकप के सुपर आठ में पहुंच गयी हैं। भारत ने पाकिस्तान को यहां 61 रनों से हराकर सुपर आठ में जगह बनायी। भारत से पहले वेस्टइंडीज ने सुपर आठ में जगह बनायी थी। वहीं अलग-अलग ग्रुप की 3 टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं, इनमें ओमान, नेपाल और नामीबिया जैसे एसोसिएट देशों की टीमें हैं। ग्रुप डी से हालांकि अभी तक कोई भी टीम न तो बाहर हुई है और न ही सुपर आठ में पहुंची है।

ग्रुप ए से भारतीय टीम अपने पहले 3 मैच जीतने के साथ ही सुपर 8 में पहुंची है। वहीं इस ग्रुप में दूसरे नंबर पर अमेरिका की टीम है, उसने अब तक 4 में से दो मैच जीते हैं जबकि पाकिस्तान तीसरे स्थान पर है उसने 3 में से 2 मैच जीते हैं। नीदरलैंड ने 3 में से एक मैच जीता है जबकि नामीबिया अपने सभी मैच हारकर बाहर हो गयी है।


ग्रुप बी की बात करें तो श्रीलंका की टीम दो मैच जीतने के बाद पहले शीर्ष पर है जबकि दूसरे नंबर पर जिम्बाब्वे की टीम है, उसने भी अब तक दो मैच जीते हैं। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है, वह 2 में से एक मैच हारी है। चौथे नंबर पर आयरलैंड ने 3 में से एक मैच ही जीता है। अपने सभी मैच हार कर अंतिम स्थान पर ओमान है। ग्रुप सी की अंक तालिका में वेस्टइंडीज की




टीम नंबर एक पर रहने के साथ ही सुपर 8 में पहुंच गयी है। उसने 3 मैच जीत लिए हैं। इंग्लैंड 3 में से दो मैच जीतकर दूसरे स्कॉटलैंड 3 में से एक मैच जीतकर तीसरे नंबर पर है। इटली की टीम 2 में से एक मैच जीती है, जो चौथे पायदान पर है और नेपाल अपने पहले तीन मैच हारने के बाद बाहर हो गई है।ग्रुप डी में दक्षिया अफ्रीका की टीम 3 मैच जीतकर 6 अंकों के साथ नंबर एक पर है। दो और टीमें उसके करीब हैं पर नेट रन रेट के आधार पर दक्षिण अफ्रीका का सुपर 8 में पहुंचना तय है।

## पाकिस्तान की हार के बाद पीसीबी प्रमुख नकवी पर भड़के अख्तर, नाकाबिल लोग देश का क्रिकेट चला रहे

लाहौर । भारत के खिलाफ टी20 विश्वकप के लीग मुकाबले में पाकिस्तान टीम की करारी हार के बाद पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर भड़क गये । रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से मशहूर रहे अख्तर ने इस हार के लिए पाक बोर्ड (पीसीबी) चेयरमैन मोहसिन नकवी को जिम्मेदार बताया है । अख्तर ने टीवी पर ही नकवी को जाहिल और नाकाबिल बताया । भारतीय टीम ने इस मैच को आसान से 61 रनों से जीत लिया । मैच के बाद अख्तर से जब उनकी पहली प्रतिक्रिया मांगी तो उन्होंने कहा, जिस आदमी को नहीं पता कि कैसे क्रिकेट चलानी है आज वही बोर्ड चेयरमैन बना हुआ है। ऐसे में किस प्रकार टीम चलेगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है ? इसके साथ ही उन्होंने नाम लिए बिना ही बाबर आजम को निशाना बनाया और कहा कि जिसकों सुपरस्टार का तमगा दिय है । वह एक भी मैच नहीं जिता सका है । इस पूर्व तेज गेंदबाज ने साथ ही कहा, दुनिया का सबसे बड़ा अपराध किसी नाकाबिल को कमान देना है । इसका कारण है कि वह देश को तबाह कर देता है । यही हमारे साथ हुआ है । शोएब ने इस बयान में नकवी का नाम तो नहीं लिया पर वहीं पीसीबी प्रमुख है, इसलिए जो कुछ भी शोएब ने कहा है वह तय है कि नकवी के लिए ही है । समय बोर्ड के चेयरमैन वही हैं तो उनका कहना नकवी के लिए ही था ।पाकिस्तान की यह टी20 विश्व कप के मैचों में भारतीय टीम के खिलाफ आठवीं हार है । भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक टी20 विश्व कप में 9 मुकाबले खेले गए हैं और इसमें एक बार ही पाक टीक जीत पायी है । पाक टीम साल 2021 के टी20 विश्व कप में बाबर आजम की कप्तानी में जीती थी । इससे पहले एशिया कप में भी पाक को भारतीय टीम ने हराया था ।



## अभिषेक के बल्ले से नहीं निकल रहे रन, इस साल चौथी बार शून्य पर आउट हुए



मुम्बई । भारतीय टी20 टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा इस साल की शुरुआत से ही खामोश है, पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी पर वह शून्य पर ही आउट हो गये । अभिषेक अब तक टी20 विश्कवप में भी रन नहीं बना पाये हैं । अभिषेक ने अब तक इस टूर्नामेंट में दो मेच खेले हैं पर वह एक भी रन नहीं बना पाये हैं । दोनों ही मैचों में वह अपना खाता भी नहीं खो पाये । इससे एक साल में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले वे भारत के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं ।अभिषेक ने 7 फरवरी को टी20 विश्व कप में डेब्यू किया। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी पर वह एक भी रन नहीं बना पाये। इसके बाद दिल्ली के नामीबिया के खिलाफ वह खेल नहीं पाये। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ वापसी करते हएु भी उनसे धमाकेदार पारी की उम्मीद थी पर वह शून्य पर ही पेवेलियन लौट गये जबकि माना जा रहा था कि जिस प्रकार उन्होंने पिछले साल रन बनाये थे ।उसी प्रकार वह इस बार भी बनायेंगे। साल 2026 में यह चौथी बार है, जब अभिषेक टी20 अंतरराष्ट्रीय में खाता नहीं खोल पाये हैं । पिछले 6 मैचों में वह 4 बार शून्य पर आउट हुए हैं । गौरतलब है कि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक साल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने का अनचाहा रिकॉर्ड संजू सैमसन का है, जो पिछले साल 2025 में 5 बार शून्य पर आउट हुए हैं । अभिषेक इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे और चौथे मुकाबले में भी शून्य पर ही आउट हो गये थे। कुल मिलाकर अभिषेक शर्मा का टी20 क्रिकेट में पांचवां शून्य है, क्योंकि टी20 क्रिकेट में उनकी शुरुआत ही जीरो के साथ हुई थी। हालांकि, इसके बाद लगातार बड़ी-बड़ी पारियां खेलकर उन्होंनें अपने को साबित किया पर इस बार 7 मैचों में से चार मैचों में वह एक भी रन नहीं बना पाये हैं ।वहीं सैमसन ने पिछले साल 5 पारियों में एक भी रन नहीं बनाया था । अभिषेक चार पारियों में इस बार शून्य पर आउट हुए हैं ।

# जिम्बाब्वे से जब-जब हारी है ऑस्ट्रेलिया, भारतीय टीम बनी है विजेता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्वकप में जिम्बाब्वे ने जिस प्रकार से ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराया हैं। उससे भारतीय प्रशंसकों में उत्साह ई और उन्हें लग रहा है कि इस बार भी भारतीय टीम खितेगीजीतेगी। इस कारण एक अजब संयोग हैं जो जिम्बाब्वे की कंगारुओं के खिलाफ जीत से जुड़ा है । इतिहास में दो बार ऐसा हुआ जब ऑस्ट्रेलिया की टीम जिम्बाब्वे से हारी है तो उसका लाभ भारतीय टीम को मिला है। साल साल 1983 के एकदिवसीय विश्वकप जिम्बाब्वे की टीम ने 13 रन से ऑस्ट्रेलिया के हराया था। इसके बाद भारतीय टीम ने विस्ट इंडीज को हराकर पहली बार खिताब जीता था। वहीं साल 2007 के टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे ने 5 विकेट से ऑस्ट्रेलिया को हराया था। जब भी भारतीय टीम महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में



जीती थी। वहीं इस बार भी जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराकर पहला उलटफेर किया है। जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया की पूरी बल्लेबाजी को सिर्फ 146 रन पर समेट दिया। इस हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए सुपर 8 में में पहुंचना तक कठिन हो गया है। वह ग्रुप बी की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गयी हैं। 19 साल बाद किसी बड़े आईसीसी टूर्नामेंट में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया है।ऑस्ट्रेलिया की टीम को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था पर उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले पांच से ही जिम्बाब्वे के गेंदबाज हावी हो गये। ब्लेसिंग मुजाराबानी ने जोश इंग्लिस को जल्दी आउट कर शुरुआत की, वहीं ब्रैड इवांस ने कैमरून ग्रीन और ट्रैविस हेड को पेवेलियन भेजा था। टिम डेविड भी बिना खाता खोले मुजाराबानी का शिकार बने, जिससे ऑस्ट्रेलिया का मध्यक्रम ध्वस्त हो गया।

## खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर–शाहीन की हो सकती है छुट्टी, पाकिस्तान टीम के सूत्र ने दी बड़ी जानकारी




कराची । भारत के खिलाफ कोलंबो में अहम मुकाबले में नाकाम रहने के बाद नामीबिया के खिलाफ टी20 विश्व कप के अगले मैच में खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी की पाकिस्तानी टीम से छुट्टी हो सकती है । पाकिस्तानी टीम प्रबंधन के विश्वस्त सूत्र ने यह जानकारी दी । सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भारत से मिली 61 रन से हार के बाद टीम मैनेजर नावेद अकरम चीमा को नाराजगी जता दी है । सूत्र ने कहा, 'PCB अध्यक्ष प्रेमदासा स्टेडियम से मैच खत्म होने से पहले ही चले गए क्योंकि पाकिस्तान की हार तय हो चुकी थी ।' सूत्र ने यह भी कहा कि नकवी ने पीसीबी के एक आला अधिकारी के जरिये मैनेजर को संदेश दिया है कि इस तरह का प्रदर्शन स्वीकार्य नहीं है । कोच माइक हेसन ने भी ड्रेसिंग रूम में टीम से बात करके कहा कि उन्होंने अपनी क्षमता के अनुरूप नहीं खेला । सूत्र ने कहा, 'टीम प्रबंधन ने तय किया है कि अब बहुत हो चुका और बाबर आजम तथा शाहीन को आराम देकर सलमान मिर्जा और नसीम शाह या फखर जमां को उतारा जाए ।'

## कैनबरा होटल मामला : पीएसबी ने दिए भुगतान के सबूत, पाकिस्तान हॉकी महासंघ विवाद के घेरे में




कराची । पाकिस्तानी हॉकी टीम के लिए आस्ट्रेलिया में होटल बुकिंग के एक करोड़ पाकिस्तानी रूपए से अधिक के भुगतान के सबूत पाकिस्तान खेल बोर्ड (PSB) द्वारा दिए जाने के बाद अब पाकिस्तान हॉकी महासंघ विवाद के घेरे में आ गया है । पाकिस्तान हॉकी टीम को सिडनी हवाई अड्डे पर 13 से 14 घंटे इंतजार करना पड़ा क्योंकि कैनबरा की फ्लाइट लेने से पहले पीएचएफ न खिलाड़ियों और अधिकारियों के हवाई अड्डे पर रूकने या खाने का कोई इंतजाम नहीं किया था जिससे पीएचएफ और पीएसबी की काफी आलोचना हो रही थी । FIH प्रो लीग के लिए कैनबरा पहुंचने के बाद पाकिस्तानी टीम के पास होटल नहीं था क्योंकि पीएचएफ ने भुगतान नहीं किया था । लाहौर से आस्ट्रेलिया का 24 घंटे का सफर तय करने के बाद खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ चार सितारा होटल पहुंचे जहां उन्हें बताया गया कि उनके नाम पर कोई बुकिंग नहीं है। खिलाड़ियों को अपने लगैज के साथ कैनबरा में होटल के बाहर लंबा इंतजार करना पड़ा जिसके बाद कैनबरा में रहने वाले पाकिस्तानियों ने सस्ते एयरबीएनबी होटल का इंतजाम किया । अगले दिन पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया से पहला मैच हार गया । PSB ने अब PHF को 28 जनवरी को होटल के इंतजाम के लिए किए गए एक करोड़ और पांच लाख रूपए के चेक की फोटोकॉपी जारी कर दी है । इससे साबित होता है कि क्कस्न्ने एयर टिकट और होटल के अलावा दैनिक भत्ते का भी भुगतान कर दिया था । क्का।स्न अपनी ओर से कहता रहा कि खिलाड़ियों और अधिकारियों को ऑस्ट्रेलिया में कोई तकलीफ नहीं हुई । वैसे यह पहली बार नहीं हुआ है कि क्का।स्न अधिकारी आर्थिक मामलों को लेकर विवाद में पड़े हों ।

## 21 फरवरी को मेसी के बिना ही उतरेगी इंटर मियामी

फोर्ट लॉडरडेल । इंटर मियामी को 21 फरवरी को होने वाले मेजर लीग फुटबॉल (एमएलएस) कप के पहले मैच में स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के बिना ही उतरना होगा। मैसी के बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इस मैच तक फिट होने की संभावना नहीं है ।इंटर मियामी की टीम ने कहा है कि मेसी चोटिल और उपचार के दौर से गुजर रहे है। एमएलएस सत्र में लगातार दो बार के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे मेसी ने पिछले सप्ताह मेंइक्काडोर में अभ्यास सत्र से पहले खेले गए मैच में एक गोल दागा था पर दूसरे हाफ के दौरान ही उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था । इस कारण वह मैदान से बाहर आ गये थे । इसी को लेकर इंटर मियामी ने कहा, अभ्यास में उनकी वापसी आने वाले दिनों में उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी । वहीं अगर मेसी नहीं खेलते तो ये टीम के लिए करारा झटका होगा । मेसी को क्लब कितन अहम मानना है उसका अंदाजा इसी से होता है कि पिछले अक्टूबर में इंटर मियामी ने उनके साथ अनुबंध को तीन साल के लिए बढ़ा दिया था ।



# 'यह कोई बड़ा मैच नहीं है', टी20 विश्वकप में भारत-पाक मुकाबले पर सौरव गांगुली का बड़ा बयान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप ए मुकाबले में भारत के अपने कट्टर दुश्मन पाकिस्तान पर 61 रन से जीत दर्ज करने के बाद भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच अपने आप होने वाले 'बड़े मैच' का आइडिया पुराना हो गया है क्योंकि जो इंटेंसिटी और कॉम्पिटिशन कभी इस मुकाबले को दिखाता था, वह अब वैसा नहीं लगता।

पिछले चैंपियन भारत की पाकिस्तान पर जीत ने सुपर 8 में भी उनकी जगह पक्की कर दी। ईशान किशन के 77 रन ने माहौल बना दिया था और भारत के गेंदबाजों ने यह पक्का किया कि 176 का लक्ष्य हमेशा पहुंच से बाहर रहे जिससे पाकिस्तान 18 ओवर में 114 रन पर आउट हो गया। IANS से बात करते हुए गांगुली ने कहा कि मौजूदा पाकिस्तान टीम की तुलना उस महान टीम से नहीं की जा सकती जिसमें जावेद मियांदाद और वसीम अकरम जैसे खिलाड़ी थे।

गांगुली ने कहा, 'अब कोई बड़ा मैच नहीं होता, पहले ऐसे मैच हुआ करते थे। हम पाकिस्तान को जावेद मियांदाद, वसीम अकरम और शाहिद तनवीर की टीम समझने की गलती करते हैं, लेकिन अब वह पाकिस्तान नहीं है।' रविवार की जीत के साथ भारत ने टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 8-1 कर लिया है। पाकिस्तान सिर्फ एक बार (2021 में) जीत पाया था।

गांगुली ने कहा, 'तो मेरे हिसाब से, यह कोई बड़ा मैच नहीं है। मेरे लिए असली बड़े मैच भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, भारत बनाम साउथ अफ्रीका और भारत बनाम इंग्लैंड हैं। टीमों के बीच बहुत बड़ा अंतर है, इसलिए नतीजा कुछ हद तक उम्मीद के मुताबिक है। नतीजे से ज्यादा क्वालिटी में अंतर दिखता है।'

भारत ने एक मैच बाकी रहते सुपर 8 में क्वालिफाई कर लिया है। पाकिस्तान को अब इवेंट के सुपर 8 फेज के लिए अपने आखिरी ग्रुप ए मैच में नामीबिया को हराना होगा। भारत अपने लीग स्टेज कैंपेन का अंत 18 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच के साथ करेगा।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से एयरसेल-आरकॉम की वसूली अब खतरे में

**- कोर्ट ने स्पष्ट किया, टेलीकॉम कंपनियों को आवंटित स्पेक्ट्रम को कॉरपोरेट परिसंपत्ति नहीं माना जा सकता**

**नई दिल्ली ।**

सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले ने दूरसंचार क्षेत्र और बैंकिंग उद्योग में नई चिंता पैदा कर दी है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि टेलीकॉम कंपनियों को आवंटित स्पेक्ट्रम को कॉरपोरेट परिसंपत्ति नहीं माना जा सकता, जिसे इनसालवेंसी एंड बैंक्रप्टी कोड (आईबीसी) के तहत पुनर्गठित या बेचा जा सके। इस निर्णय का सीधा असर उन मामलों पर पड़ेगा, जहां दिवालिया प्रक्रिया के तहत बैंकों को अपनी बकाया राशि की वसूली की उम्मीद थी। बैंकरों के अनुसार यह फैसला विशेष रूप से एयरसेल और रिलायंस कम्युनिकेशन (आरकॉम) से जुड़ी दिवालियापन कार्यवाही को प्रभावित करेगा। एयरसेल पर 13,500 करोड़ रुपये से अधिक और आरकॉम पर 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया है। एक वरिष्ठ बैंकर ने कहा कि स्पेक्ट्रम को सबसे मूल्यवान सुरक्षा माना जाता था, लेकिन अब उसके कॉरपोरेट संपत्ति न माने जाने से वसूली की संभावनाएं काफी घट गई हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले के बाद बैंकों को दूरसंचार कंपनियों को ऋण देते समय उपलब्ध सुरक्षा के स्वरूप का पुनर्मूल्यांकन करना होगा। यदि पर्याप्त वैकल्पिक सुरक्षा उपलब्ध नहीं होती, तो ऐसे ऋण को असुरक्षित जोखिम के रूप में देखा जा सकता है, जिससे भविष्य में इस क्षेत्र को कर्ज मिलना कठिन या महंगा हो सकता है। करीब 35,000 करोड़ रुपये जुटाने की कोशिश कर रही वोडाफोन आइडिया के लिए भी यह फैसला चुनौतियां बढ़ा सकता है। बैंक अभी प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं, लेकिन नए कानूनी परिदृश्य में ऋण शर्तें सख्त हो सकती हैं।

# नेयसा ने 1.2 अरब डॉलर जुटाए, एआई क्लाउड विस्तार की तैयारी




**अतिरिक्त 60 करोड़ डॉलर की राशि ऋण के माध्यम से जुटाई जाएगी**

**नई दिल्ली।**

एआई क्लाउड प्लेटफॉर्म नेयसा ने कुल 1.2 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाई है। इसमें 60 करोड़ डॉलर की इक्विटी निवेश ब्लेकस्टोन से जुड़े निजी इक्विटी फंडों और सह-निवेशकों द्वारा किया गया है। अतिरिक्त 60 करोड़ डॉलर की राशि ऋण के माध्यम से जुटाई जाएगी। अन्य प्रमुख निवेशक

फंड जुटाने में शामिल होंगे। कंपनी ने फर्म के मूल्यांकन का खुलासा नहीं किया है। नेयसा भारत में तेजी से बढ़ता हुआ एआई एक्सेलरेशन क्लाउड प्लेटफॉर्म है, जो उद्यमों और सरकारी संस्थाओं को मिशन-क्रिटिकल समाधान देता है। कंपनी को इंडियाएआई मिशन द्वारा अनुमोदित क्लाउड सेवा प्रदाताओं में से एक चुना गया है। नई फंडिंग से कंपनी भारत में 20,000 से अधिक जीपीयू की तैनाती और विस्तार की योजना को साकार करेगी, जिससे देश में एआई क्रांति को मजबूती मिलेगी। नेयसा के एक वेरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत की एआई महत्वाकांक्षा के लिए बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन-ग्रेड इन्फास्ट्रक्चर आवश्यक है। नेयसा सॉवरेन कंप्यूट की एग्जीक्यूशन लेयर और एआई रिसर्च इनेबलमेंट पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

नेयसा ने अब तक 5 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। 2024 में सीड राउंड में 2 करोड़ डॉलर और अक्टूबर में सीरीज ए में 3 करोड़ डॉलर जुटाए गए थे।

# वित्त वर्ष 27 में बदल सकती है बाजार की तस्वीर

**नई दिल्ली ।**

सेंट्रम ब्रोकिंग के एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ईमेल साक्षात्कार में बताया कि अगले छह महीनों में भारतीय शेयर बाजार के लिए प्रमुख जोखिम तीन हैं। पहला, वैश्विक मुद्रा संकट-अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी या डॉलर में मजबूती उभरते बाजारों के लिए वित्तीय परिस्थितियां कठिन कर सकती है। दूसरा, आय वृद्धि की असमानता-अगर घरेलू मांग और मार्जिन में सुधार उम्मीद के मुताबिक नहीं हुआ, तो बाजार की तेजी सीमित रह सकती है।

तीसरा, भू-राजनीतिक और व्यापार अस्थिरता, जो अल्पकालिक निवेशकों के सेंटिमेंट को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि अगर बाजार ऊपर की ओर बढ़ता है, तो इसका नेतृत्व घरेलू चक्र से आने की संभावना है। वित्तीय क्षेत्र सबसे आगे रहेगा, क्योंकि 2025-26 की तीसरी तिमाही में इसमें मार्जिन बढ़ा, ऋण लागत नियंत्रित रही और परिसंपत्ति गुणवत्ता स्थिर रही। चौथी तिमाही में यह और मजबूत दिख रहा है। इसके अलावा पूंजीगत वस्तुएं और औद्योगिक क्षेत्र, विशेषकर ऑटोमोटिव सेक्टर, इनपुट लागत में कमी और मांग में धीरे-धीरे रिकवरी से सहारा पाएंगे। आईटी शेयरों में हो रही बिकवाली और एआई से संबंधित चिंताएं कुछ ज्यादा हैं। भारतीय आईटी कंपनियां एआई आधारित सौदों को बढ़ावा दे रही हैं और ऑटोमेशन से लाभ मार्जिन बढ़ सकता है। मूल्यांकन उनके पांच साल के औसत से कम है, इसलिए चुनिंदा आईटी शेयरों में निवेश समझदारी भरा हो सकता है।

# जनवरी में थोक मुद्रास्फीति 1.81 फीसदी पर पहुंची

**- दिसंबर 2025 में 0.83 और जनवरी 2025 में 2.51 प्रतिशत थी**

**नई दिल्ली ।**

देश में जनवरी 2026 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 1.81 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो लगातार तीसरे महीने बढ़ी है। दिसंबर 2025 में यह 0.83 प्रतिशत और जनवरी 2025 में 2.51 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने कहा कि महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह मूल धातुओं, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों और वस्त्रों की कीमतों में वृद्धि है। जनवरी में खाद्य वस्तुओं की महंगाई 1.55 प्रतिशत रही, जबकि दिसंबर में 0.43 प्रतिशत थी। सब्जियों की कीमतों में तेज उछाल देखा गया, जनवरी में महंगाई 6.78 प्रतिशत रही। विनिर्मित उत्पादों में महंगाई जनवरी में 2.86 प्रतिशत और गैर-खाद्य उत्पादों में 7.58 प्रतिशत तक बढ़ी। ईंधन एवं बिजली में महंगाई दर 4.01 प्रतिशत रही। सरकार के आंकड़ों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में 2.75 प्रतिशत पर रही। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दरों के निर्धारण के लिए खुदरा मुद्रास्फीति का आधार बनाता है। केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में



अभी तक नीतिगत दर रेपो में 1.25 प्रतिशत की कटौती है जो अब 5.5 प्रतिशत है।

# टाइटन बायोटेक लिमिटेड करेगी स्टॉक स्प्लिट

**- 20 फरवरी को एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट**


मुंबई । बायोटेक कंपनी टाइटन बायोटेक लिमिटेड अपने शेयरों का स्टॉक स्प्लिट करने जा रही है। कंपनी ने 20 फरवरी को एक्स–डेट और रिकॉर्ड डेट घोषित की है। इस दिन तक जिन निवेशकों के पास शेयर होंगे, वे स्प्लिट का लाभ प्राप्त करेंगे। कंपनी अपने शेयरों का फेस वैल्यू 10 रुपये से घटाकर 2 रुपये करने जा रही है। इसका मतलब हर 1 पुराना शेयर अब 5 नए शेयरों में बदल जाएगा। कुल निवेश की वैल्यू उसी स्तर पर बनी रहेगी, लेकिन निवेशकों के पास शेयरों की संख्या बढ़ जाएगी। विशेषज्ञों के अनुसार स्टॉक स्प्लिट से शेयर की कीमत कम होगी और इसे खरीदना छोटे निवेशकों के लिए आसान होगा। हालांकि कुल निवेश की कीमत तुरंत नहीं बदलती। निवेशकों को सलाह दी गई है कि वे 20 फरवरी तक अपनी होल्डिंग साफ रखें और स्प्लिट के अनुसार अपने निवेश की योजना बनाएं।

**प्रधानमंत्री मोदी के गमछे से चमकी बुनकरों की किस्मत**

# बिहार के करघों पर बरसे करोड़ों के ऑर्डर

**नई दिल्ली ।**

बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, असम और ओडिशा में गमछा पारंपरिक पहचान का प्रतीक है। गया जिले के पटवा टोली में लाखों गमछे बनाए जाते हैं। पिछले साल विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रैली में गमछा लहराकर इसे बिहारी अस्मिता से जोड़ा। इसके बाद मांग में अचानक वृद्धि हुई और राजनीतिक दलों ने विशेष रंग के गमछों के ऑर्डर लिए। पटवा टोली में लगभग 35,000 बुनकर काम करते हैं। प्रतिदिन यहां 200 बंडल, यानी करीब 2 लाख गमछे तैयार होते हैं। 80 फीसदी गमछे थोक में 20-30 रुपये में बिकते हैं, जबकि शेष 60-80 रुपये तक के दाम पर जाते हैं। सालाना कारोबार लगभग 125-150 करोड़ रुपये का है। पहले गमछे हथकरघे से बनते थे, लेकिन अब चीन और देसी मशीनों से उत्पादन बढ़ गया है। चीन की मशीनें सस्ती लेकिन जल्दी खराब होती हैं, जबकि देसी मशीनें महंगी लेकिन टिकाऊ। कई बुनकर अब देसी मशीनों को प्राथमिकता दे रहे हैं। बिहार चुनाव के दौरान गमछा कारोबार को राजनीतिक रंग मिला। भाजपा के लिए केसरिया, राष्ट्रीय जनता दल के लिए हरा और जन स्वराज पार्टी के लिए पीले गमछे तैयार किए गए। बंगाल और असम में भी विधानसभा चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर ऑर्डर की योजना



बनाई जा रही है। पटवा टोली का सबसे बड़ा खरीदार पश्चिम बंगाल है, इसके बाद असम, ओडिशा, झारखंड और उत्तर प्रदेश हैं। बिहार में सिर्फ बचे हुए गमछे बिकते हैं। गमछा कारोबार अब सिर्फ पारंपरिक वस्त्र उद्योग नहीं, बल्कि राजनीतिक और व्यावसायिक रणनीति का अहम हिस्सा बन चुका है।

# जापान की अर्थव्यवस्था ने दर्ज की 1.1 फीसदी की वृद्धि



**तोक्यो।** जापान की अर्थव्यवस्था ने 2025 की अंतिम तिमाही में वार्षिक आधार पर 0.2 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। साल भर में कुल वृद्धि केवल 1.1 फीसदी रही, जो 2022 के बाद सबसे उच्च है, जब देश कोविड-19 महामारी के असर से उबर रहा था। अप्रैल-जून 2025 में जीडीपी में 0.5 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि जुलाई-सितंबर में 0.7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। अक्टूबर-दिसंबर में तिमाही आधार पर अर्थव्यवस्था ने 0.1 फीसदी की मामूली वृद्धि की। लगातार दो तिमाहियों में संकुचन न होने के कारण जापान तकनीकी मंदी से बच गया। अक्टूबर-दिसंबर में निजी उपभोग में 0.4 फीसदी की वृद्धि रही, लेकिन निर्यात में 1.1 फीसदी की गिरावट ने विकास दर को सीमित किया। मंत्रिमंडल कार्यालय का अनुमान है कि निकट भविष्य में जापान की अर्थव्यवस्था औसतन 0.6 फीसदी की दर से बढ़ेगी, जिससे स्थिर लेकिन धीमी वृद्धि जारी रहने की संभावना है।



# भारत का चीनी निर्यात फरवरी तक 2 लाख टन के पार

**मुंबई।** अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) के अनुसार भारत में चीनी निर्यात पर सरकार का नियंत्रण बना हुआ है। मिलों के बीच आनुपातिक कोटा वितरित किया जाता है। हाल ही में अतिरिक्त पांच लाख टन निर्यात कोटा भी मंजूरी दी गई है, जिससे कुल स्वीकृत निर्यात 20 लाख टन हो गया है। फरवरी तक भारत ने कुल 2,01,547 टन चीनी का निर्यात किया। इसमें सफेद चीनी का हिस्सा 1,63,000 टन और परिष्कृत चीनी का 37,638 टन रहा। 2025-26 विपणन वर्ष में भारत का चीनी उत्पादन 13 फीसदी बढ़कर 2.96 करोड़ टन रहने का अनुमान है। एआईएसटीए ने नई दो-स्तरीय कोटा प्रणाली का स्वागत किया, जिससे वास्तविक निर्यात करने वाली मिल को गैर-निष्क्रिय मिलों से कोई प्रीमियम नहीं देना पड़ेगा।

# सोने की कीमतों पर ब्रेक, 1 लाख के नीचे जाने के आसार

**नई दिल्ली ।** सोने की कीमतों में चल रही रिकॉर्ड तेजी पर अब ब्रेक लगता नजर आ रहा है। रूस के एक संभावित कदम और वैश्विक समीकरणों के बदलने से कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले समय में सोना 1 लाख रुपए के नीचे आ सकता है। जनवरी 2026 में भारतीय बाजार (एमसीएक्स) पर सोने ने 1,80,779 रुपए प्रति 10 ग्राम का ऐतिहासिक स्तर छुआ था। बीते सप्ताह की क्लोजिंग तक कीमतें 1,56,200 रुपए तक गिर गईं, यानी करीब 13.5 फीसदी की गिरावट। अंतरराष्ट्रीय बाजार (कॉमेक्स) पर सोना 5,626.80 से 5,046.30 डॉलर पर आया, लगभग 10.5 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई। रूस ने अमेरिकी डॉलर में ट्रेड सेटलमेंट पर वापसी पर विचार करना शुरू कर दिया है। इससे ब्रिक्स देशों की डी-डॉलराइजेशन मुहिम प्रभावित हो सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि रूस के कदम से अन्य केंद्रीय बैंक भी सोने की आक्रामक खरीद रोक सकते हैं या मुनाफावसूली कर सकते हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि अंतरराष्ट्रीय सोना 3,000 प्रति औंस तक गिर सकता है। भारत में सोने की कीमत 90,000-1,00,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के दायरे में स्थिर हो सकती है।



# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**सेंसेक्स 650, निफ्टी 211 अंक उछला**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 650.39 अंक बढ़कर 83,277.15 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 211.65 अंक ऊपर आकर 25,682.75 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान निफ्टी वाहन को छोड़कर तकरीबन सभी इंडेक्स बढ़त पर बंद हुआ। वहीं व्यापक बाजार में, निफ्टी मिडकैप में 0.48 फीसदी जबकि निफ्टी स्मॉलकैप में 0.11 फीसदी की तेजी रही।

आज निफ्टी वाहन में 0.73 फीसदी और निफ्टी ग्रोसेक्ट 15 में 0.12 फीसदी की गिरावट आई । जबकि निफ्टी बैंक में 1.27फीसदी की बढ़त, निफ्टी एफएमसीजी में 0.82 फीसदी जबकि निफ्टी आईटी में 0.17 फीसदी उछाल आया है। आज सेंसेक्स के 30 शेयरों में से केवल 9 शेयरों में ही गिरावट रही। पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, आईटीसी और एशियन पेंट्स के शेयरों में 4.45 फीसदी तक की बढ़त रही जबकि वहीं, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, एम एंड एम और इंफोसिस के शेयरों में 1.44 फीसदी की गिरावट रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को




7,395.41 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 5,553.96 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

इससे पहले आज सुबह शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई हालांकि कारोबार बढ़ने के साथ ही रिकवरी दर्ज की गयी। बीएसई सेंसेक्स 262 अंकों की बढ़त के साथ 82,591 के स्तर पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 50 75 अंकों की तेजी के साथ 25,546 पर कारोबार करता दिखा। निवेशकों की धारणा फिलहाल सकारात्मक है। इस सप्ताह बाजार की नजर अमेरिकी फेडरल रिजर्व और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठकों पर रहेगी।

# रेलवे का फैसला: एसी फर्स्ट और सेकंड एसी कोचों में स्टाफ आरक्षण खत्म

**- यात्रियों को मिलेगी ज्यादा सीटें, वेटिंग लिस्ट वाले यात्री कंफर्म टिकट पा सकेंगे**

**नई दिल्ली ।** भारतीय रेलवे ने राजधानी, दुरंतो और अन्य प्रीमियम ट्रेनों के एसी फर्स्ट और सेकंड एसी कोचों में ऑन-बोर्ड स्टाफ के आरक्षित सीटों को खत्म कर दिया है। अब महंगी सीटें सीधे यात्रियों के लिए उपलब्ध होंगी, जिससे वेटिंग लिस्ट वाले यात्री कंफर्म टिकट पा सकेंगे। हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए स्प्रेड मॉडल लागू हुआ है। उन्हें केवल थर्ड एसी या स्लीपर में 4 साइड लोअर सीटें मिलेंगी। पेंट्री कार वाले स्टाफ को अब पूरी ड्यूटी पेंट्री कार में ही करनी होगी, जबकि पेंट्री कार नहीं होने पर उन्हें केवल 2 सीटें दी जाएंगी। रेलवे का अनुमान है कि हर ट्रेन में 4-6 सीटें अब यात्रियों के लिए खुलेंगी, जिससे प्रतिदिन लाखों रुपये का अतिरिक्त राजस्व होगा। आरक्षित सीटों का दुरुपयोग और अनाधिकृत यात्रा की समस्या भी कम होगी। साल 2016 और 2018 के पुराने सर्कुलर रद्द कर दिए गए हैं। यह नया नियम रेलवे के पैसेंजर-फ्रेंडली और कमर्शियल मॉडल को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है।

# केंद्र सरकार ने हटाया गेहूं-चीनी पर निर्यात प्रतिबंध

**- अब 2026-27 के विपणन सत्र में अनुमानित फसल बढ़िया होने की संभावना**

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को अप्रत्याशित रूप से 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति दी। इससे पहले तीन साल से अधिक समय से निर्यात पर प्रतिबंध था। इसके साथ ही पहले से स्वीकृत 15 लाख टन चीनी के अलावा 5 लाख टन अतिरिक्त चीनी का निर्यात भी खोल दिया गया। सरकारी बयान के अनुसार यह कदम देश में मौजूदा उपलब्धता और मूल्य परिदृश्य का मूल्यांकन कर लिया गया है। गेहूं पर निर्यात प्रतिबंध 13 मई 2022 को लगाया गया था। उस समय घरेलू उत्पादन घट गया था और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक मांग बढ़ गई थी। इससे घरेलू कीमतें बढ़ गईं और सार्वजनिक वितरण प्रणाली की खरीद जोखिम में पड़ गई। अब 2026-27 के विपणन सत्र में अनुमानित फसल बढ़िया होने की संभावना है और दोनों सरकार और व्यापारियों के पास भारी भंडार है। 2025-26 सीजन में भारत में गेहूं का उत्पादन लगभग 11.8 करोड़ टन रिकॉर्ड किया गया। 31 मार्च 2026 तक केंद्रीय पूल में स्टॉक 1.82 करोड़ टन अनुमानित है, जबकि बफर स्टॉक आवश्यकता केवल 75 लाख टन। व्यापारियों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं मौजूद है, जो पिछले साल की तुलना में 32 लाख टन अधिक है।



घरेलू कीमतें उत्तर और पश्चिमी बाजारों में 2550-2680 रुपये/क्विंटल हैं, जबकि न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये/क्विंटल तय किया गया। भारतीय गेहूं की वैश्विक कीमत 270-280 डॉलर/टन, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 197-270 डॉलर/टन है।


# रुपया गिरावट के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 7 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.73 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया शुरुआती कारोबार में एक पैसा टूटकर 90.67 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी पूंजी की निकासी और अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में वैश्विक स्तर पर मामूली वृद्धि और देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भारी गिरावट का भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.63 प्रति डॉलर पर मजबूत खुला। हालांकि फिर 90.67 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से एक पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया शुक्रवार को सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ पांच पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.66 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी की बढ़त के साथ 96.93 पर रहा।

# फ्रैक्टल एनालिटिक्स का आईपीओ सुस्त शुरुआत के साथ सूचीबद्ध

**- शेयर तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ सूचीबद्ध**




**नई दिल्ली ।** कृत्रिम मेधा (एआई) समाधान प्रदाता फ्रैक्टल एनालिटिक्स ने सोमवार को अपने आईपीओ के बाद शेयर बाजार में धीमी शुरुआत की। कंपनी का आईपीओ 2,834 करोड़ रुपए का था, जिसमें 1,023.5 करोड़ रुपए के नए शेयर और 1,810.4 करोड़ रुपए की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल थी। मूल्य दायरा 857-900 रुपए प्रति शेयर तय किया गया था। अंतिम दिन आईपीओ 2.66 गुना सब्सक्राइब हुआ। एनएसई पर शेयर 876 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य 900 रुपए से 2.67 फीसदी कम है। बाद में इसमें और गिरावट आई और यह 855.55 रुपए पर पहुंच गया। बीएसई पर शेयर 900 रुपए प्रति शेयर के स्तर पर सपाट शुरुआत के साथ खुला। एनएसई पर कंपनी का बाजार मूल्यांकन 14,839.73 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने बताया कि आईपीओ से प्राप्त राशि का इस्तेमाल अपनी अनुषंगी 'फ्रैकल यूएसए' में निवेश, कर्ज का पूर्व-भुगतान, भारत में नए कार्यालय, अनुसंधान एवं विकास, फ्रैक्टल अल्फा के तहत विपणन, अधिग्रहण और अन्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।



## वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की अफवाहों के बीच दिमागी सुकून पर बोलीं सुतारिया

तारा सुतारिया इन दिनों वीर पहाड़िया के साथ कथित तौर पर ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि वीर पहाड़िया से उनका ब्रेकअप हो गया है। इस बीच उन्होंने बताया है कि वह अपने दिमागी सुकून पर ध्यान दे रही हैं। आइए जानते हैं उन्होंने और क्या कहा है।

### क्या है जिंदगी का मकसद?

बातचीत में तारा सुतारिया ने कहा 'मैंने हमेशा से इस बात पर यकीन किया है कि असली कामयाबी दिमागी सुकून में है। मेरी जिंदगी का यह मकसद रहा है कि आपके पास जो मुट्ठी भर लोग हैं, वह आपको प्यार करें और आपको जानें।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे करियर आगे बढ़ा है, शांत रहना और भी जरूरी हो गया है।

### शांति की रक्षा करना सीखा

तारा सुतारिया ने बताया कि उन्हें यह समझने में समय लगा कि उन्हें अच्छा महसूस करने के लिए क्या चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैंने अपनी शांति की रक्षा करना सीख लिया है। सिर्फ हम जानते हैं कि अपने नर्वस सिस्टम को कैसे शांत करना है।'

### वायरल वीडियो के बाद फैली अफवाह

हाल ही में खबरें आईं कि तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया का ब्रेकअप हो गया है। हालांकि दोनों ने इस पर कुछ नहीं कहा है। एपी ढिल्लों के मुंबई कॉन्सर्ट के वायरल वीडियो के बाद उनके ब्रेकअप की अफवाहें फैलीं। इस वीडियो की सुतारिया ने आलोचना की और इसे पेड पीआर बताया। वहीं पहाड़िया ने कहा कि जो क्लिप सर्कुलेट हो रही थी, उसे एडिट किया गया था।



# पैपराजी पर भड़कीं आयशा खान, एआई के गलत इस्तेमाल को भी बताया खतरनाक

**आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिलकुल असली लगते हैं।**

### से किसी की इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग

आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। पिंकविला के साथ इंटरव्यू में आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है। मेरे और विजय सर की एक तस्वीर को एआई वीडियो में बदल दिया गया, जैसे हम गले मिल रहे हों। जिसके बाद मुझे बताना पड़ा कि ऐसा कभी हुआ ही नहीं। ज्यादातर लोग यह समझ ही नहीं पाते हैं कि यह सब एआई से किया गया है।'

### पैपराजी के वीडियो पर क्या बोलीं आयशा?

पैपराजी के वीडियो और वायरल क्लिप्स के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'लोग सहमति को नहीं समझते। बिना पूछे आप किसी का वीडियो या फोटो नहीं ले सकते। आप जानते हैं कि यह गलत है, फिर भी किसी का 'oops' मूमेंट कैप्चर करके उसे पोस्ट कर देते हैं। हालांकि कई फोटोग्राफ़र उनकी सीमाओं का सम्मान करते हैं। जब वह किसी फोटो को पोस्ट ना करने को कहती हैं, तो वे मान जाते हैं और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं करते हैं।'

### आयशा का शरारत गाना हुआ खूब वायरल

आयशा खान हाल ही में धुरंधर के 'शरारत' गाने में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ क्रिस्टल डिसूजा ने भी परफॉर्म किया था। यह गाना सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ।



## डार्क और चैलेंजिंग रोल में नेगेटिव शेड के साथ नजर आएंगी रश्मिका मंदाना

अल्लू अर्जुन और एटली एक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म के टाइटल का अभी एलान नहीं किया गया है। इसके बावजूद फिल्म ने काफी चर्चा बटोर ली है। फैंस इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि इस प्रोजेक्ट में पहली बार एक पावरफुल स्टार और एक ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर साथ काम कर रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि यह फिल्म आने वाले वक्त में सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होगी।

लेट्स ओटीटी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट की खास बात यह है कि इसमें रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। बताया जाता है कि रश्मिका मंदाना एक डार्क और चैलेंजिंग रोल में नेगेटिव शेड के साथ नजर आएंगी। फिल्म में रश्मिका का किरदार उन खुशमिजाज किरदारों से बहुत अलग है, जो वह आमतौर पर स्क्रीन पर निभाती हैं। यह भी कहा जा रहा है कि अल्लू अर्जुन ने पर्सनली इस रोल के लिए उनका नाम सजेस्ट किया था। फैंस को लगता है कि यह किरदार रश्मिका का बिल्कुल नया साइड सामने लाएगा।

फिल्म में दीपिका पादुकोण लीड फीमेल रोल में हैं। दो मजबूत एक्ट्रेस के अहम रोल निभाने से फिल्म को लेकर उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। कई फैंस यह देखने के लिए बेताब हैं कि फिल्म में उनके किरदार कैसे होंगे। खबर है कि रश्मिका ने इस हफ्ते अपने हिस्से की शूटिंग शुरू कर दी है। वह फरवरी भर काम करती रहेंगी। इस महीने के आखिर में वह अपनी शादी के लिए छोटा ब्रेक ले सकती हैं। फिल्म का प्रोडक्शन आसानी से चल रहा है। करीब 25 से 30 प्रतिशत शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी है।

## 'स्पिरिट' से बाहर होने की अफवाह के बीच प्रकाश राज ने किया नई फिल्म का एलान



बीते दिनों प्रकाश राज को लेकर ऐसी अफवाहें चलीं कि वे संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही फिल्म 'स्पिरिट' से बाहर हो गए हैं। हालांकि, प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कल सोमवार को इन अफवाहों को खारिज कर दिया। आज मंगलवार को उन्होंने एक दिलचस्प अपडेट शेयर किया है। वे अब फिल्म 'दृश्यम 3' का हिस्सा बन गए हैं।

प्रकाश राज ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ लिखा है कि वे फिल्म 'दृश्यम 3' का हिस्सा बन गए हैं। आगे लिखा है, 'दिलचस्प फ्रेंचाइजी 'दृश्यम 3' हिंदी में शूटिंग शुरू कर दी है। एक शानदार टीम और एक शानदार रोल के साथ। मुझे यकीन है कि आपको यह पसंद आएगा। और हां, मैं किसी को रिप्लेस नहीं कर रहा हूं।

बता दें कि ऐसी खबरें सामने आईं थीं कि दीपिका पादुकोण के बाद प्रकाश राज भी 'स्पिरिट' से हट गए हैं। संदीप रेड्डी वांगा के साथ रचनात्मक मतभेदों के चलते उन्होंने ऐसा किया। फिल्म 'स्पिरिट' से अपने बाहर होने की अफवाहों को बढ़ता देख प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर इस पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से लोगों से अफवाहें न फैलाने की बात कही। एक्टर ने लिखा, 'सभी टॉक्सिक फर्जी खबरें फैलाने वालों को 'स्पिरिट' फिल्म के बारे में बताना चाहता हूं। हमने अभी तक मेरे सीन्स की शूटिंग शुरू भी नहीं की है और व्हाट्सएप फैक्ट्रियां कहानियां बना रही हैं। थोड़ी समझदारी दिखाओ। अपनी जिंदगी जियो'।

## शमिता ने डेटिंग संबंधी अफवाहों को किया खारिज



अभिनेत्री शमिता शेट्टी ने बीते दिनों अपना जन्मदिन मनाया। उनके बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज में उनके एक दोस्त की झलक दिखी। इसके बाद उनकी डेटिंग को लेकर अफवाहें शुरू हो गईं। बाद में शमिता ने डेटिंग संबंधी अफवाहों को खुद खारिज किया। शमिता शेट्टी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है।

बता दें कि बीते दिनों अभिनेत्री शमिता की डेटिंग लाइफ को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। दरअसल, उन्होंने 02 फरवरी को अपना जन्मदिन मनाया। इस जश्न में उनके साथ बहन शिल्पा शेट्टी और जीजू राज कुंद्रा भी मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर सामने आईं शमिता के जन्मदिन के सेलिब्रेशन की तस्वीरों में एक शख्स ऐसा भी नजर आया, जिसके साथ शमिता का नाम जोड़ा गया।

शख्स टेक्नो आर्टिस्ट-बिजनेसमैन दीपेश शर्मा थे। हलांकि, डेटिंग को लेकर शुरू हुई अफवाहों को शमिता ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए खारिज कर दिया।

दीपेश शर्मा के साथ अफेयर की अफवाहों पर शमिता ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर कर लिखा था, 'सिंगल और शांत। सच्ची दोस्ती को गलत तरीके से समझने वाले रूढ़िवादी बनना बंद करो। ये सरासर बकवास है'। बता दें कि शमिता ने साल 2000 में फिल्म 'मोहब्बतें' से डेब्यू किया था।



# बेटे के डेब्यू पर गोविंदा का बड़ा बयान
# बताया क्यों छोड़ी राजनीति

**गोविंदा बीते दिनों से चर्चाओं का विषय बने हुए हैं। हाल ही में उनकी पत्नी ने उनपर एक्सट्रामैरिटल अफेयर के आरोप लगाए थे। हालांकि इन सभी आरोपों को गोविंदा ने खारिज कर दिया। अब उनके बेटे बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। गोविंदा ने उनके बेटे की एक्टिंग पर भी खुलकर बात की है।**

### यश मुझसे भी बेहतर एक्टर बनेगा

गोविंदा ने कहा कि उन्हें अपने बेटे पर पूरा भरोसा है और यश आगे चलकर उनसे भी बेहतर एक्टर बनेगा। बातचीत में गोविंदा ने कहा, 'यश मुझसे बेहतर एक्टर बनेगा। वो टेक्निकली मुझसे ज्यादा मजबूत है।' अपने बेटे को सपोर्ट करने को लेकर गोविंदा ने बताया कि उनकी सिफारिश पर निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने यश को अपने ऑफिस में जगह दी, ताकि वह फिल्ममेकिंग के अलग-अलग पहलू सीख सके।

### करण जौहर पर कसा तंज

इस इंटरव्यू के दौरान गोविंदा ने बताया कि उनके नाम पर एक फिल्म बनाई गई थी। गोविंदा बोले, 'किसी ने मेरे नाम से पिक्चर बना दी थी। शायद उसका नाम 'गोविंदा मेरा नाम' था। मुझे पता नहीं, पर लगता है कि वो करण जौहर की फिल्म थी।' बता दें, साल 2022 में रिलीज हुई 'गोविंदा मेरा नाम' में विक्की कौशल, भूमि पेडनेकर और कियारा आडवाणी ने साथ काम किया था। इस फिल्म का निर्देशन शशांक खैतान ने किया था। वहीं इसके प्रोड्यूसर करण जौहर थे।

### गोविंदा ने क्यों छोड़ी राजनीति

वहीं राजनीति छोड़ने के फैसले पर गोविंदा ने कहा कि उन्होंने यह कदम अपने परिवार के लिए उठाया। उन्होंने कहा, 'मैं नहीं चाहता था कि राजनीति मेरी फैमिली लाइफ और बच्चों पर असर डाले।'

### न्यूकमर्स के साथ काम करना चाहते हैं गोविंदा

खबर है कि गोविंदा सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' में नजर आ सकते हैं। हालांकि इस बात को लेकर कोई जानकारी मेकर्स ने शेयर नहीं की है। हां, सलमान खान ने 'बिग बॉस 19' के मंच पर जरूर कहा था कि वह गोविंदा के साथ एक फिल्म में काम कर रहे हैं। गोविंदा ने आगे कहा कि वह नए कलाकारों के साथ काम करना चाहते हैं और नहीं चाहते कि कोई भी एक्टर उनके बारे में गलत डर बनाए। इसी वजह से उन्होंने सभी से माफी भी मांगी। वहीं, हाल ही में सुनीता आहूजा के भी बॉलीवुड में डेब्यू करने की बात सामने आई है।

यशवर्धन करने वाले हैं बॉलीवुड में डेब्यू

गोविंदा और सुनीता की शादी 1987 में हुई थी। उनके दो बच्चे भी हैं। बेटी टीना ने 2015 में फिल्म 'सेकंड हैंड हसबैंड' से डेब्यू किया था। बेटा यशवर्धन भी जल्द ही फिल्मों में कदम रखने वाले हैं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in